वर्ष : 26 अंक : 14 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 04 जनवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

जो बीजेपी में नहीं जाता वो जेल जाता है : केजरीवाल

पूछताछ के बहाने गिरफ्तार करवाना चाहती है भाजपा

Arvind Kejriwal

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में कथित शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा भेजे गए नोटिसों पर आज दिल्ली के मुख्यमंत्री पहली बार मीडिया के सामने आए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने हर उस सवाल का जवाब दिया, जो ईडी के तीन समन जारी होने के बाद लगातार पूछा जा रहा था। केजरीवाल ने बताया कि आखिर 3 समन जारी होने के बाद भी वे ईडी के सामने पेश क्यों नहीं हुए. उन्होंने ईडी के समन को गैरकानूनी करार देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले जांच एजेंसी उन्हें गिरफ्तार करना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो भाजपा में शामिल नहीं होता है उसे बीजेपी वाले जेल भेज देते हैं।

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान केजरीवाल ने कहा, 'शराब घोटाला आपने पिछले दो साल में यह शब्द कई बार सुना होगा। लेकिन इन दो सालों में जांच के बाद भी कहीं से एक पैसा नहीं मिला। अगर घोटाला हुआ है तो पैस गए कहां। क्या पैसा हवा में गायब हो गया। आप के कई नेताओं को **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

फर्जी टेस्ट की सीबीआई जांच

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली सरकार की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने एक और मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। उपराज्यपाल ने मोहल्ला क्लिनिक में फर्जी टेस्ट मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की है। एलजी कार्यालय के मुताबिक दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी मरीजों के नाम पर पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी टेस्ट किए गए हैं।

आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक
अरविंद केजरीवाल

श्रद्धालु 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंहद्वार से राम मंदिर में करेंगे प्रवेश

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर की विशेषताएं गिनाई

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में बन रहे भव्य श्री राम मंदिर का मास्टर प्लान सामने आया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या राम मंदिर की विशेषताएं गिनाई हैं। ट्रस्ट ने जानकारी साझा कर बताया है कि मंदिर परिसर के सभी क्षेत्रों से लेकर भगवान श्रीराम के गर्भगृह तक मंदिर की भव्यता कैसी रहेगी। श्रद्धालु 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंहद्वार **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

निमंत्रण-पत्र तैयार

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बड़े स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। अयोध्या नगरी अपने नाथ के आगमन के लिए सज रही है। अयोध्या में बन रहे भव्य श्रीराम मंदिर में रामलला की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र भेजे जाएंगे और अब पहले निमंत्रण पत्र की तस्वीरें भी सामने आ गई हैं। यह निमंत्रण-पत्र देश भर में विशेष व्यक्तियों को भेजा जाएगा। **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

हनुमंत लला से अनुमति लेकर पीएम जाएंगे श्रीरामजन्म भूमि

अयोध्या (एजेंसी)। भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या इस समय पूरी दुनिया में आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। यहां भव्य राम मंदिर में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर भव्य तैयारी की जा रही है। 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रोज नई खबरें सामने आ रही हैं।

रामदुआरे तुम रखवारे, होत न आज्ञा बिनु पैसारे... प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे सिद्ध करके ही 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि में प्रवेश करेंगे। मान्यता है कि अयोध्या में हनुमंत लला **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

भगवान श्री राम पर आपत्तिजनक बयान



मुंबई। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की तारीख जैसे-जैसे निकट आ रही है। इस पर राजनीति भी तेज होती जा रही है। इस बीच अब एनसीपी-शरद पवार गुट के एक नेता का भगवान राम को लेकर एक विवादित बयान सामने आया है। दरअसल, एनसीपी नेता डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने महाराष्ट्र के शिरडी में एक कार्यक्रम में कहा कि भगवान राम शाकाहारी नहीं थे, वह मांसाहारी थे। **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

खाना मांगने पर कलयुगी बाप ने तवे से पीटा, गिरफ्तार

नोएडा (चेतना मंच)। नंगली वाजिदपुर गांव में खाना मांगने पर अपने बेटे पर जानलेवा हमला करने वाले कलयुगी बाप को थाना एक्सप्रेस में पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी पिछले 5 माह से फरार चल रहा था।

थाना प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने बिहार निवासी वीरेंद्र पुत्र महेश को नंगली वाजिदपुर गांव के पास से गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी वीरेंद्र अपनी पत्नी व बच्चों के साथ नंगली वाजिदपुर गांव में अरुण चौहान के मकान में किराए पर रह रहा था। बीते 27 जुलाई को उसकी अपनी पत्नी से वाद विवाद हो रहा था। इस दौरान उसके बेटे ने खाना मांगा तो वीरेंद्र ने उसके सर पर तवे से कई वार किये और उसे लहू लुहान कर मौके से फरार हो गया। इस संबंध में वीरेंद्र की पत्नी ने उसके खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

गैस एजेंसी के कर्मी ने की आत्महत्या

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के पृथला गांव में किराए पर रहने वाले एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में युवक के मानसिक रूप से परेशान होने के बाद सामने आ रही है।

मूल रूप से नरसेना बुलंदशहर निवासी नरेंद्र पुत्र सुखबीर सिंह अपने परिजनों के साथ पृथला गांव में किराए पर रह रहा था। वह भारत गैस एजेंसी में काम करता था। बीती शाम उसकी पत्नी और बच्चे किसी काम से बाहर गए हुए थे कुछ देर बाद जब वापस लौटे तो उन्हें नरेंद्र कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। नरेंद्र की पत्नी ने पड़ोसियों की मदद से उसे फांसी के फंदे से नीचे उतरा और अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों से मृत्यु घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना सेक्टर-113 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

थाना प्रभारी का कहना है कि प्रारंभिक जांच में नरेंद्र के मानसिक रूप से तनाव में होने के बाद सामने आ रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल कर रही है।

हरिद्वार में व्यापारी से रंगदारी मांगने वाला नोएडा से गिरफ्तार

नोएडा (चेतना मंच)। हरिद्वार में व्यापारी से रंगदारी मांगने के आरोप में वांछित चल रहे शातिर बदमाश को एसटीएफ और थाना सेक्टर-39 पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश पर 50 हजार रूपए का इनाम घोषित था। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एसटीएफ की टीम को सूचना मिली कि 50 हजार रूपए का इनामी बदमाश किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से थाना क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के आधार पर एसटीएफ और थाना पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बाइक सवार जयकुमार उर्फ अजय उर्फ विजय पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम देदपुरा थाना नकूड सहारनपुर को गिरफ्तार किया। इसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुए। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने पूर्व में हरिद्वार के एक व्यापारी से **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

छात्रा को टक्कर मारने वाली फॉर्च्यूनर कार बरामद

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-110 में स्थित महर्षि विश्वविद्यालय में हिट एंड रन के मामले में पुलिस ने फॉर्च्यूनर कार को बरामद कर लिया है। हालांकि पुलिस अभी फॉर्च्यूनर कार चलाने वाले ड्राईवर को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। कार बरामदगी के बाद पुलिस आरोपी ड्राईवर की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। इस हादसे में बी-कॉम की तीन छात्राओं का टक्कर मारी गई थी। कार की टक्कर से दो छात्राए गिर गई और उन्हें चोटे आई और इलाज के लिए निजी अस्पताल भर्ती भी कराया गया।

थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के महर्षि विश्वविद्यालय में एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने बी-कॉम की तीन छात्राओं को टक्कर मार दी थी। यह घटना 5 दिन पुरानी है। सोशल मीडिया पर उसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कार के नंबर के आधार पर कार को ढूंढा। पुलिस ने फॉर्च्यूनर कार को बिसरख में लावारिश हालत में खड़ी हुई पाई। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। हालांकि अभी चालक की पहचान नहीं हो पाई है। **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

अमानत में खयानत का आरोप

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बिसरख में एक कंपनी कर्मचारियों ने सफाई कर्मी के खिलाफ अमानत में खयानत करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है की सफाई कर्मी उसकी बाइक लेकर चला गया और अब उसे नहीं लौटा रहा है। मूल रूप से ग्राम विगास बाबूगढ़ छावनी हापुड़ निवासी नीरज पाल ने पुलिस से की शिकायत में बताएं कि वह मोरफस प्रोडेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में अकाउंट फील्ड का कार्य करता है उसने कुछ दिनों पूर्व कंपनी में साफ सफाई के कार्य के लिए धीरज कुमार नामक युवक को नौकरी पर रखा था। नौकरी लगने के कुछ दिन बाद ही धीरज कुमार ने जरूरत बताते हुए एडवांस ले लिया। **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

नोएडा में चीनी नागरिक की मौत

अस्पताल लाने वाले साथी फरार, हत्या की आशंका

नोएडा (चेतना मंच)। थाना फेस-दो क्षेत्र के सेक्टर-92 में रहने वाले एक चीनी नागरिक की संदिग्ध मौत हो गई है। आशंका जताई जा रही है कि चीनी नागरिक के साथियों ने ही उसकी गला दबाकर हत्या की है। पुलिस व फॉरेंसिक टीम मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

मूल रूप से चीन निवासी सिया ओ हू अपने तीन अन्य साथियों के साथ सेक्टर-92 के ए ब्लॉक में रह रहा था। वह और उसके साथी किसी कंपनी में काम करते हैं। बीती रात्रि उसके साथी उसे गंभीर हालत में सेक्टर-137 स्थित फैलिक्स अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सको ने परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से जानकारी मिलने पर थाना फेस दो पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के गले पर निशान मिले हैं आशंका जताई जा रही है कि उसके साथियों ने ही उसकी गला दबाकर हत्या की है। मामला चीनी नागरिक से जुडा होने के कारण पुलिस की फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर साक्ष्य इकट्ठा किया। चीनी नागरिक को अस्पताल लाने वाले उसके साथी फरार हैं।

ससुराल में महिला की संदिग्ध मौत

ग्रेटर नोएडा। थाना दादरी क्षेत्र के चिटहेड़ा गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल वालों का कहना है कि महिला ने आत्महत्या की है। जबकि मायके वाले दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली कि एक महिला नवीन अस्पताल में मृत अवस्था में लाई गई है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

फ्लिपकार्ट के पैकेट में सफाई से भर देते थे कबाड़

गिरोह में शामिल डिलीवरी ब्वॉय गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। अगर आप फ्लिपकार्ट अथवा किसी अन्य सोशल नेटवर्किंग साइट से ऑनलाइन सामान मंगवा रहे हैं तो सावधान हो जाइए। ऐसा ना हो कि आपका पार्सल में महंगे सामान की जगह कबाड़ा भरा हो। थाना बादलपुर पुलिस ने फ्लिपकार्ट के उपभोक्ताओं को डिलीवरी से पूर्व ही पार्सल से सामान चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी किए गए 10 महंगे मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

थाना प्रभारी अमरेश कुमार ने बताया कि अच्छेजा में एक कंपनी का वेयरहाउस है। यहां पर विभिन्न कंपनियों का सामान इकट्ठा होता है इसके बाद इसे कोरियर के माध्यम से विभिन्न जगहों पर भेजा जाता है। पिछले कुछ दिनों से फ्लिपकार्ट उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत की जा रही थी उनके मोबाइल फोन के डब्बे में फोन की जगह कबाड़ निकल रहा है। उपभोक्ताओं की शिकायत के बाद वेयरहाउस कर्मियों ने थाना बादलपुर में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

फरवरी से चालू होगी सेक्टर-15 में पहली हाईड्रोलिक पार्किंग!

डीएमआरसी करेगी संचालन, प्राधिकरण व डीएमआरसी में शीघ्र होगा करार

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन में आने जाने वालों के वाहनों के पार्किंग की समस्या का समाधान फरवरी में हो जाएगा। यहां पर 400 वाहन क्षमता की पहली हाईड्रोलिक पार्किंग का संचालन फरवरी माह से दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

मालूम हो कि अभी तक लोग अक्सर अपने वाहन अलका सिनेमा की पार्किंग में खड़ा करते थे अथवा सर्विस लेन व सड़कों पर खड़ा कर देते थे। लेकिन अब फरवरी माह में इस समस्या से निजात मिल जायेगी।

इसके लिए प्राधिकरण और डीएमआरसी के बीच एमओयू साइन होगा। पार्किंग का निरीक्षण भी डीएमआरसी के अधिकारी कर चुके है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इस पार्किंग के एक पैनल पर दो वाहन खड़े किए जा सकते हैं। एक वाहन को हाइड्रोलिक के जरिए ऊपर कर दिया जाएगा। दूसरा वाहन उसके नीचे खड़ा किया जायेगा। इस तरह से कम जगह में 400 वाहनों की पार्किंग को बनाया गया है। पार्किंग बनने से सेक्टर-15 नयाबांस, सेक्टर-1 गोलचक्कर सहित आसपास के स्थानों पर जाम में कमी आएगी। प्राधिकरण अधिकारियों ने **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

चोरी की स्कूटी पर गांजे की तस्करी

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने चोरी की स्कूटी पर गांजे की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है इसके पास से डेढ़ किलो गांजा बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस टीम ने सेक्टर 11 के वीडियोकॉन चौराहे पर एक काले रंग की स्कूटी सवार को जांच के लिए रुकने का इशारा किया पुलिस को देखकर स्कूटी सवार भाग निकला पुलिस कर्मियों ने पीछा कर स्कूटी सवार को दबोच लिया स्कूटी की तलाशी लेने पर उसमें से डेढ़ किलो गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम संदीप पुत्र बबलू कुमार उर्फ बाबू सिंह निवासी पंडित मोहल्ला कोंडली दिल्ली बताया। संदीप ने कबूल किया कि उसे बरामद स्कूटी भी चोरी की है। वह चोरी की स्कूटी पर सवार होकर नशे के आदी लोगों को गांजे की सप्लाई करता था। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses


ISHWAR PHYSIO CARE
PHYSIOTHERAPY & REHABILITATION
Dr. Ankur Sharma (PT)
✓ Physical Therapy For Elderly
✓ Neurological Therapy
✓ Orthopedic Physiotherapy
✓ Sports Physiotherapy
Home Visit Available
9990144473, 8130990799
C-16, Jaipuria Building, Kaushambi

कानून में बदलाव

हाल ही में आपराधिक मामलों में भारतीय न्याय संहिता के तहत लाये गये बदलाव से क्षुब्ध ट्रक चालकों की हड़ताल से जनजीवन पर खासा प्रतिकूल असर पड़ा है। खासकर हड़ताल के चलते पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल की आपूर्ति न हो पाने से कई-कई किलोमीटर लंबी कतारें देखी गई। अन्य स्थानों पर फल-सब्जी व दूध की आपूर्ति भी बाधित हुई। बहरहाल, लोग हैरत में थे कि देश में सामान्य स्थिति होने के बावजूद पेट्रोल पंपों पर ये मारामारी क्यों है। दरअसल, हाल में संसद से पारित भारतीय न्याय संहिता में हिट एंड रन मामलों में चालकों को सख्त सजा के प्रावधान से ट्रक ड्राइवर ही नहीं बस व टैक्सी चालक भी खासे क्षुब्ध हैं। दरअसल, देश में हर साल होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं और पांच लाख के आसपास घायल होते हैं। ज्यादातर घटनाओं में बड़े वाहन चालकों पर लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप लगते रहे हैं। दरअसल, कानून में नये बदलावों में हिट एंड रन केस में पुलिस-प्रशासन को दुर्घटना की सूचना न देने पर दस साल की कैद और सात लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है। अब तक हिट एवं रन मामले में ट्रक या डंपर से किसी व्यक्ति की मौत होने पर दो साल की सजा का प्रावधान था और चालकों को जमानत भी मिल जाती थी। निस्संदेह, सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति को किसी हादसे से सुरक्षा और उसे न्याय भी मिलना चाहिए। इसी मकसद से लाये गए कानून को लेकर चालक असुरक्षाबोध से घिर गये। हालांकि, कानून अभी लागू नहीं हुआ है लेकिन चालक भयभीत हैं। उन्हें लगता है कि सख्त प्रावधानों के लागू होने पर वे वाहन नहीं चला पाएंगे। जिसके चलते विभिन्न संगठनों ने देश की अर्थव्यवस्था को ठप करने के लिये दबाव बनाया। जिसका असर पंजाब,हरियाणा, हिमाचल, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र आदि पर साफ नजर आया। दरअसल, गरीब पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाले ट्रक- बस चालकों को लगता है कि सजा ज्यादा कड़ी है और किसी हादसे की स्थिति में वे इतना जुर्माना देने की स्थिति में नहीं होंगे। ट्रांसपोर्टरों के बड़े संगठन ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने दावा किया कि 65 फीसदी भारी वाहन हड़ताल में शामिल रहे। जिसके चलते सैकड़ों करोड़ रुपये का नुकसान होने की आशंका है। आशंका जतायी जाती रही है कि यदि हड़ताल का समय बढ़ता है तो कई भागों में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति में बाधा के साथ ही दूध,फल-सब्जी आदि के दाम बढ़ सकते हैं। यही वजह है कि देश के तमाम पेट्रोल पंपों पर अफरातफरी का माहौल रहा। साथ ही कई जगह टैक्सी चालकों के हड़ताल में शामिल होने से यात्री परेशान रहे। जिससे पीक सीजन में पर्यटन स्थलों में कारोबार प्रभावित हुआ है। निस्संदेह, राहगीरों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और इसी नजरिये से कानूनों में बदलाव किया गया, लेकिन ट्रक चालकों की वास्तविक समस्या को भी संवेदनशील ढंग से संबोधित किये जाने की जरूरत थी। ट्रक चालकों का कहना है कि आठ-दस हजार की नौकरी में वे इतना बड़ा जुर्माना कैसे भरेंगे। यदि उनकी सात-आठ लाख देने की कूवत होती तो वे ट्रक क्यों चलाते। ऐसे में यदि वे दस साल के लिये जेल जाएंगे, तो उनके परिजनों का क्या होगा? चालक आशंका जताते हैं कि यदि वे दुर्घटना होने पर सूचना देने के लिये रुक जाते हैं तो उन्हें भीड़ की हिंसा का शिकार होना पड़ेगा। उनकी दलील है कि अकसर भीड़ घायल को बचाने की बजाय चालक को मारने पर उतारू हो जाती है और कई बार उनके वाहनों को आग लगा दी जाती है। ट्रांसपोर्टर दलील देते हैं कि दुर्घटना होने पर कैमरों व टोल-नाकों की मदद ली जानी चाहिए। उनका मानना है कि ऐसे प्रयास हों कि यात्री भी सुरक्षित रहें और चालक भी आतंकित न हों। बहरहाल, ट्रक चालकों का जीवन स्तर सुधारने, उन्हें पुलिस की वसूली से बचाने और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने की जरूरत है ताकि वे भी समाज में सम्मानजनक ढंग से जी सकें। वैसे देर रात ट्रांसपोर्ट डीलर एसोसिएशन का कहना था कि सरकार द्वारा नये कानून को अभी लागू न करने के आश्वासन देने पर सकारात्मक प्रतिसाद दिया जायेगा।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि श्रुति कहती है कि करोड़ों विरक्तों में कोई एक ही सम्यक (यथार्थ) ज्ञान को प्राप्त करता है और करोड़ों ज्ञानियों में कोई एक ही जीवन मुक्त होता है। जगत में कोई विरला ही ऐसा (जीवन मुक्त) होगा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

तिन्ह सहस्र महुँ सबसुख खानी। दुर्लभ ब्रह्म लीन बिग्यानी॥
धर्मसील बिरक्त अरु ग्यानी। जीवनमुक्त ब्रह्मपर प्रानी॥

हजारों जीवन मुक्तों में भी सब सुखों की खान, ब्रह्म में लीन विज्ञानवान पुरुष और भी दुर्लभ है। धर्मात्मा, वैराग्यवान, ज्ञानी, जीवन मुक्त और ब्रह्मलीन-॥

सत ते सो दुर्लभ सुरराया। राम भगति रत गत मद माया॥
सो हरिभगति काग किमि पाई। बिस्वनाथ मोहि कहहु बुझाई॥

इन सबमें भी हे देवाधिदेव महादेवजी! वह प्राणी अत्यंत दुर्लभ है जो मद और माया से रहित होकर श्री रामजी की भक्ति के परायण हो। हे विश्वनाथ! ऐसी दुर्लभ हरि भक्ति को कौआ कैसे पा गया, मुझे समझाकर कहिए॥

दो0-राम परायन ग्यान रत गुनागार मति धीर।
नाथ कहहु केहि कारन पायउ काक सरीर॥

हे नाथ! कहिए, (ऐसे) श्री रामपरायण, ज्ञाननिरत, गुणधाम और धीरबुद्धि भुशुण्डिजी ने कौए का शरीर किस कारण पाया?॥

यह प्रभु चरित पवित्र सुहावा। कहहु कृपाल काग कहँ पावा॥
तुम्ह केहि भाँति सुना मदनारी। कहहु मोहि अति कौतुक भारी॥

भावार्थ-हे कृपालु! बताइए, उस कौए ने प्रभु का यह पवित्र और सुंदर चरित्र कहाँ पाया? और हे कामदेव के शत्रु! यह भी बताइए, आपने इसे किस प्रकार सुना? मुझे बड़ा भारी कौतूहल हो रहा है॥

गरुड़ महाग्यानी गुन रासी। हरि सेवक अति निकट निवासी।
तेहिं केहि हेतु काग सन जाई। सुनी कथा मुनि निकर बिहाई॥

गरुड़जी तो महान ज्ञानी, सद्गुणों की राशि, श्री हरि के सेवक और उनके अत्यंत निकट रहने वाले (उनके वाहन ही) हैं। उन्होंने मुनियों के समूह को छोड़कर, कौए से जाकर हरिकथा किस कारण सुनी?॥

क्रमशः

उम्मीदवारों की ऐसी फौज उतारेगी भाजपा

केन्द्र में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के मिशन को कामयाब करने के लिए भाजपा जीतोड़ प्रयास कर रही है। चुनाव प्रचार अभियान को अंतिम रूप देने के अलावा पार्टी के तमाम नेताओं की भूमिका भी तय की जा चुकी है। जहां तक लोकसभा चुनावों के लिए प्रत्याशियों के चयन की बात है तो यह काम भाजपा बहुत पहले ही शुरू कर चुकी थी और अब यह कार्य अपने अंतिम चरण में पहुँच चुका है। पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची जल्द जारी होने की अटकलों के बीच चर्चाएं यह भी हैं कि इस बार भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। हम आपको याद दिला दें कि अमित शाह ने भी 2019 में भाजपा अध्यक्ष पद पर रहते हुए अपना पहला लोकसभा चुनाव गुजरात के गांधीनगर से लड़ा था।

भाजपा ने लोकसभा चुनावों में प्रत्येक सीट पर 50 प्रतिशत से ज्यादा मत हासिल करने के लिए अपने संगठन के तंत्र को दुरुस्त करने के बाद उम्मीदवारों के तौर पर ऐसी फौज उतारने का निर्णय लिया है जिसके आगे नामांकन भरते हुए विपक्ष के नेताओं को हार का भय पहले दिन से सताने लगे। इसके लिए भाजपा उम्मीदवारों के चयन के लिए कड़े और बड़े पैमाने तय करके आगे बढ़ रही है। हाल ही में भाजपा की ओर से अपने सांसदों के बारे में जनता की राय जानने के लिए नमो एप पर एक सर्वे भी शुरू किया गया था जिस पर लोगों ने जो फीडबैक दिया उसको पार्टी ने काफी गंभीरता के साथ लिया है। हम आपको यह भी याद दिला दें कि हाल में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के दौरान देखने को मिला था कि पार्टी ने कई सांसदों को विधायकी का चुनाव लड़ाया और यह फॉर्मूला काफी सफल साबित हुआ था। यही नहीं, भाजपा हाल में कई चुनावों में बड़ी संख्या में उम्मीदवारों को बदल कर नये चेहरों को मौका देने का सफल प्रयोग भी कर चुकी है इसीलिए माना जा रहा है कि लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन में भी भाजपा हाल के अनुभवों को देखते हुए निर्णय लेगी।

उल्लेखनीय है कि भाजपा आलाकमान ने साल 2023 के अंत में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में अपने चुनावी अभियान को अंतिम रूप दे दिया था और अब नये साल पर पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक में उम्मीदवार चयन से जुड़े मुद्दों पर गौर किया गया। बताया जा रहा है कि इस बैठक में एक कमेटी का भी गठन किया गया जोकि असंतुष्ट नेताओं से संपर्क कर उन्हें मनाने का काम करेगी साथ ही कमेटी यह भी देखेगी कि चुनावों के दौरान दूसरे दलों से आने वाले किन लोगों को भाजपा में शामिल कराना है और किन्हें नहीं। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में अन्य दलों के कई कद्दावर नेता और समाज के विभिन्न क्षेत्रों की मशहूर हस्तियां भाजपा में शामिल होने वाली हैं।

भाजपा ने लोकसभा चुनावों में प्रत्येक सीट पर 50 प्रतिशत से ज्यादा मत हासिल करने के लिए अपने संगठन के तंत्र को दुरुस्त करने के बाद उम्मीदवारों के तौर पर ऐसी फौज उतारने का निर्णय लिया है जिसके आगे नामांकन भरते हुए विपक्ष के नेताओं को हार का भय पहले दिन से सताने लगे।

जहां तक लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के उम्मीदवारों की बात है तो बताया जा रहा है कि पहली सूची जल्द ही जारी हो सकती है। पहले माना जा रहा था कि यह सूची मकर संक्रांति के बाद आयेगी क्योंकि अभी खरवास चल रहा है जिसमें शुभ काम नहीं किये जाते लेकिन अब माना जा रहा है कि यह सूची पहले भी आ सकती है। दरअसल भाजपा ने पिछले साल पहली बार पितृपक्ष के दौरान ही मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के उम्मीदवारों की एक सूची जारी कर दी थी जिसको लेकर सवाल उठे थे कि शुभ मुहूर्त और शुभ-अशुभ का खास ध्यान रखने वाली भाजपा ने आखिर पितृपक्ष में कैसे अपनी सूची जारी कर दी? लेकिन समय से पहले उम्मीदवारों की घोषणा करना पार्टी के पक्ष में गया इसीलिए माना जा रहा है कि जिन सीटों पर भाजपा को पिछले चुनावों में जीत नहीं मिली थी या जहां भाजपा का अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा था वहां के उम्मीदवारों की सूची शीघ्र ही सामने आ सकती है ताकि उम्मीदवारों को प्रचार के लिए अच्छा खासा समय मिल सके। साथ ही एक ओर जहां अन्य दल अभी सीटों के बंटवारे पर चर्चा ही नहीं शुरू कर पाये हैं वहीं भाजपा अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करके विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर लेना चाहती है।

बताया जा रहा है कि भाजपा ने इस बार बड़ी संख्या में अपने राज्यसभा सांसदों को भी लोकसभा चुनाव लड़ाने का फैसला किया है ताकि संसद के ऊपरी सदन में लंबे समय से जमे चेहरों की जगह नये चेहरों को मौका दिया जा सके। इसके लिए तय किया गया है कि भाजपा शासित राज्यों के चुनिंदा राज्यसभा सांसदों को लोकसभा चुनाव लड़ाया जायेगा। भाजपा शासित राज्यों का चयन इसलिए किया गया है ताकि सीट छोड़ने वाले व्यक्ति की जगह आसानी से पार्टी का दूसरा उम्मीदवार राज्यसभा पहुँच सके। इसके अलावा उन राज्यसभा सांसदों को भी चुनाव लड़ने के लिए कहा जा रहा है जिनका कार्यकाल हाल ही में खत्म हुआ या जल्द ही खत्म होने वाला है। यह भी बताया जा रहा है कि कुछ राज्यसभा सांसदों ने खुद भी पार्टी से आग्रह किया है कि उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ने का अवसर दिया जाये।

भाजपा के राज्यसभा सांसदों में महाराष्ट्र से प्रकाश जावड़ेकर, पीयूष गोयल और नारायण राणे, ओडिशा से धर्मेंद प्रधान, गुजरात से मनसुख मांडविया, हिमाचल प्रदेश से भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, उत्तर प्रदेश से दर्शन सिंह, अनिल जैन, डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, डॉ. दिनेश शर्मा, कांता कर्दम, नीरज शेखर और सुरेंद्र सिंह नागर, छत्तीसगढ़ से सरोज पांडेय, केरल से वी. मुरलीधरन, बिहार से राकेश सिन्हा और सुशील कुमार मोदी, जम्मू-कश्मीर से गुलाम अली, राजस्थान से अश्विनी वैष्णव, असम से भुवनेश्वर कालिता, सर्बानंद सोनोवाल, मध्य प्रदेश से ज्योतिदारित्य सिंधिया और सुमेर सिहं सोलंकी और त्रिपुरा से बिप्लब कुमार देब का नाम लोकसभा चुनावों के संभावित उम्मीदवारों की सूची में बताया जा रहा है। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और पूर्व सांसद सैयद जफर इस्लाम का नाम भी लोकसभा के संभावित उम्मीदवारों में बताया जा रहा है। इसके अलावा यह भी चर्चा है कि महाराष्ट्र में इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए कुछ विधायकों को भी लोकसभा चुनाव लड़ने का अवसर दिया जा सकता है। एक उपराज्यपाल का भी लोकसभा चुनाव लड़ना तय बताया जा रहा है।

बहरहाल, आधिकारिक रूप से सूची जारी होने तक अभी कई संभावित नामों की सूची मीडिया में चलती रहेगी। लेकिन एक बात पक्की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की जोड़ी यह तय कर चुकी है कि किसी सांसद के साथ स्थानीय स्तर पर उपजी नाराजगी का असर पार्टी के चुनावी प्रदर्शन पर नहीं पड़ने देना है। इसलिए भाजपा के उम्मीदवारों की सूची निश्चित रूप से सबको चौंकाने वाली ही होगी।

-नीरज कुमार दुबे

भारतीय अर्थव्यवस्था में उछाल

भारतीय शेयर (पूंजी) बाजार द्वारा वर्ष 2023 में 20 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर अर्जित की गई है। वर्ष 2023 में सेन्सेक्स 11,399 अंकों (18.73 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 72,082 अंकों के स्तर पर बंद हुआ है तो वहीं निफ्टी 3,626 अंको (20 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 21,731 अंकों के स्तर पर बंद हुआ है।

भारत के शेयर बाजार में उक्त वर्णित तेजी के चलते वर्ष 2023 में भारत के शेयर बाजार में निवेशकों के शेयरों में निवेश का बाजार मूल्य 81.90 लाख करोड़ रुपए से बढ़ गया है, जबकि वर्ष 2022 में यह 16.38 लाख करोड़ रुपए से बढ़ा था। यह भारत की लगातार उच्च स्तर की आर्थिक प्रगति एवं देश में राजनैतिक वातावरण के स्थिर बने रहने के कारण सम्भव हो सका है। हाल ही में तीन राज्यों में सम्पन्न हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के कारण भी शेयर बाजार में उच्छाल देखा गया था। वर्ष 2023 में बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज पर लिस्टेड कम्पनियों के शेयरों का बाजार पूंजीकरण 81.90 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 364.28 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पर कर गया है। वर्ष 2023 में भारतीय शेयर बाजार में दर्ज की गई उक्त वृद्धि दर विश्व के समस्त इमर्जिंग बाजारों के बीच सबसे अधिक है। 29 नवम्बर 2023 को तो बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज पर पंजीकृत समस्त कम्पनियों का बाजार पूंजीकरण का स्तर 4 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया था जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार से भी अधिक है। भारत के संदर्भ में यह भी अपने आप में एक रिकार्ड है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार अभी 3.75 लाख करोड़ रुपए का ही है। 24 मार्च 2021 को बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज पर पंजीकृत समस्त कम्पनियों का बाजार पूंजीकरण 3 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंचा था, इस प्रकार केवल 2 वर्ष 8 माह के खंडकाल में ही उक्त कम्पनियों द्वारा जारी शेयरों का बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपए की राशि से बढ़ गया है।

वर्ष 2023 में भारत के बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज के समाल केप (छोटे आकर की कम्पनियों द्वारा जारी शेयरों का बाजार पूंजीकरण) इंडेक्स में तो 47.52 प्रतिशत की बृद्धि दर आंकी गई है। वहीं, मिड केप (मध्यम आकार की कम्पनियों द्वारा जारी शेयरों का बाजार पूंजीकरण) इंडेक्स द्वारा 45.52 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित कर की गई है।

30 शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज इंडेक्स ने केवल नवम्बर 2023 माह में ही 4.87 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और दिसम्बर 2023 माह तो 7.83 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ा है। इस प्रकार नवम्बर एवं दिसम्बर 2023 माह भारत में निवेशकों के लिए बहुत फलदायी सिद्ध हुए हैं। यह सब भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वित्तीय वर्ष 2023-24 की दो तिमाहीयों, अप्रेल-जून 2023 में 7.8 प्रतिशत की एवं जुलाई-सितम्बर 2023 में 7.6 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर हासिल करने एवं कम्पनियों की लाभप्रदता में हुई अतुलनीय वृद्धि दर के चलते सम्भव हो पाया है। साथ ही, भारत में वृहद् (मैक्रो) स्तर पर अर्थव्यवस्था में मजबूत संकेत बने हुए है तथा अब मुद्रा स्फीति पर भी नियंत्रण प्राप्त कर लिया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में भी कुछ नरमी आई है। इससे भारतीय रुपए के मूल्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमत में भी स्थिरता दिखाई दी है।

आज भारत के शेयर बाजार में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों का बाजार पूंजीकरण 17.48 लाख करोड़ के स्तर को पार कर गया है, जो भारत में प्रथम स्थान पर है। द्वितीय स्थान पर टाटा कन्सल्टैंसी सर्विसेज है, जिसका शेयर बाजार पूंजीकरण 13.88 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है, तृतीय स्थान पर 12.98 लाख करोड़ रुपए के शेयर बाजार पूंजीकरण के साथ एचडीएफसी बैंक है। चतुर्थ स्थान पर 6.99 लाख करोड़ रुपए के शेयर बाजार पूंजीकरण के साथ आईसीआईसीआई बैंक है। इनफोसिस कम्पनी का पांचवा स्थान है, जिसका शेयर बाजार पूंजीकरण 6.40 लाख करोड़ रुपए का है।

विदेशी पॉर्ट्फोलियो निवेशकों ने भी भारत के शेयर बाजार में वर्ष 2023 में 1.70 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का निवेश किया है। यह विदेशी निवेशकों के भारतीय अर्थव्यवस्था पर लगातार बढ़ रहे विश्वास को दर्शा रहा है। केवल दिसम्बर 2023 माह में ही 66,134 करोड़ रुपए का निवेश विदेशी पॉर्ट्फोलियो निवेशकों द्वारा भारत के शेयर बाजार में किया गया है।

वर्ष 2024 में अमेरिकी बाजार में अब ब्याज दरों में कमी की सम्भावना व्यक्त की जा रही है इसके चलते वर्ष 2024 में भी भारत के शेयर बाजार में अमेरिकी पॉर्ट्फोलियो निवेशकों द्वारा और अधिक मात्रा में निवेश किया जा सकता है। वर्ष 2022 में विदेशी पॉर्ट्फोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 1.21 लाख करोड़ रुपए निकाले थे क्योंकि विकसित देशों ने मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से ब्याज दरों में बेतहाशा वृद्धि की थी। जबकि वर्ष 2021 में 25,752 करोड़ रुपए का, वर्ष 2020 में 1.7 लाख करोड़ रुपए का एवं वर्ष 2019 में 1.01 लाख करोड़ रुपए का निवेश भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पॉर्ट्फोलियो निवेशकों द्वारा किया गया था।

वर्ष 2024 में विभिन्न देशों में मुद्रा स्फीति के नियंत्रण में रहने की सम्भावनाओं के बीच केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में कमी किए जाने के संकेत मिलने लगे हैं, अमेरिका में तो बांड यील्ड 5 प्रतिशत से अधिक रहते हुए अब 4 प्रतिशत के भी नीचे आ गई है अत: विदेशी निवेशक अब भारत जैसी तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था में अपना निवेश निश्चित रूप से बढ़ाएंगे। इस प्रकार, भारत के शेयर बाजार में तेजी की सम्भावनाएं वर्ष 2024 में लिए भी बनी हुई हैं।

भारतीय शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की संख्या तो बढ़ी ही है साथ ही इन निवेशकों का शेयर बाजार पर विश्वास भी बढ़ा है और अब खुदरा निवेशक भी निवेश के सम्बंध में सही समय पर सही निर्णय लेकर अपने निवेश का बाजार मूल्य बढ़ाने में सफलता हासिल करने लगे हैं। भारत में 8 करोड़ से अधिक खुदरा निवेशकों के 13 करोड़ से अधिक डीमैट खाते खोले जा चुके हैं। डीमैट खाता उस खाते को कहते हैं जिसके माध्यम से शेयर बाजार में शायर खरीदे एवं बेचे जाते हैं।

वर्ष 2024 में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें भी लगभग 10 प्रतिशत कम हुई हैं, इसका भी विशेष रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था पर अच्छा प्रभाव रहा है और अन्य देशों में भी इससे मुद्रा स्फीति की दर में कमी आ सकी है तथा कम्पनियों की लाभप्रदता में वृद्धि दर्ज हुई है। यह भी एक सुखद खबर है कि रूस यूक्रेन युद्ध, हम्मास इजराईल युद्ध एवं पश्चिमी एशियाई देशों के बीच लगातार बढ़ रहे तनाव का असर भारतीय पूंजी बाजार पर नहीं के बराबर पड़ा है।

विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में किए जा रहे भारी निवेश एवं भारत में लगातार बढ़ रहे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के चलते भारत के विदेशी मुद्रा भंडार भी 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गए हैं। यह भारत के लिए बहुत सुखद स्थिति है।

-प्रह्लाद सबनानी
सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक
भारतीय स्टेट बैंक

पौष कृष्ण-अष्टमी

राशिफल

(विक्रम संवत् 2080)



मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) पैरों में चोट चपेट लग सकती है। स्वास्थ्य की स्थिति थोड़ी मध्यम रहेगी।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो) बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू तू मैं से बचें। मानसिक अवसाद की स्थिति दिख रही है।



मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा) घरेलू सुख बाधित रहेगा। घर में नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। सीने में विकार संभव है।



कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा) स्वास्थ्य में सावधानी बरतें। प्रेम संतान की स्थिति भी मध्यम है। व्यापार बहुत अच्छा नहीं रहेगा।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे) मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। धन हानि के भी संकेत है। स्वास्थ्य नरम गरम, प्रेम संतान ठीक-ठाक, व्यापार भी सही चलेगा।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) ऊर्जा का स्तर घटता बढ़ता रहेगा। बेचैनी, घबराहट बनी रहेगी। प्रेम संतान ठीक रहेगा। व्यापार भी सही चलता रहेगा।



तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त) अनाब शनाब खर्चे मन को परेशान करेंगे। अज्ञात भय सताएगा। नेत्र पीड़ा, सर दर्द भी संभव है।



वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू) आय में उतार चढ़ाव बना रहेगा। मानसिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं रहेगी। बच्चों को लेकर के मन परेशान रहेगा।



धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे) व्यापारिक उतार चढ़ाव बना रहेगा। पिता के स्वास्थ्य को लेकर मन परेशान रहेगा। पैतृक संपत्ति की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है।



मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी) मकर राशि की स्थिति ठीक-ठाक कही जाएगी लेकिन मान सम्मान पर कोई ठेस न पहुंचने पाए इस बात का ध्यान रखें।



कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द) स्वास्थ्य की स्थिति माध्यम रहेगी। चोर चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। थोड़ा बचकर पार करें।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि) जीवनसाथी के साथ कठुता बढ़ेगी। प्रेमी प्रेमिका में भी कठुता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा, प्रेम संतान मध्यम रहेगा।

रजपुरा पहुंची भारत संकल्प यात्रा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव रज़पुरा कला एवं रामपुर चचोरा गांव में पहुंची दोनों जगह मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद डॉ महेश शर्मा रहे यात्रा में डॉ. महेश शर्मा का फूल मालाओं से लोगों ने भव्य स्वागत किया। सांसद डॉ. महेश शर्मा ने विकसित भारत बने उसके लिये शपथ दिलाई और इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहले प्रशासनिक कार्यालय में योजनाओं के लाभ के लिए ग्रामीण चक्कर लगाते थे। लेकिन मोदी, योगी के राज में प्रशासनिक कार्यालय के लोग गांव में आकर योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रहे हैं।

मोदी की गारंटी वैन गाँव-गाँव जा कर लोगों को योजनाओं की जानकारी और लाभ देने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल, सतपाल तालान आदि लोग मौजूद रहे।

'उम्मीद' संस्था ने थाना अध्यक्ष को किया सम्मानित

चेतना मंच ग्रेटर नोएडा। उम्मीद संस्था ने थाना बादलपुर के एसएचओ अमरीश कुमार गुर्जर को फूलमाला पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। उम्मीद संस्था के संस्थापक डॉ देवेंद्र कुमार नागर एवं अंबावता संगठन के दादरी तहसील अध्यक्ष किसान नेता राजकुमार रूपबास ने कहा कि किसान और पीड़ित को न्याय मिलना चाहिए गरीब, किसान तथा पीड़ित के साथ थाने में अच्छा व्यवहार किया जाए। इस अवसर पर मास्टर ब्रह्म सिंह ने कहा कि गरीब और पीड़ित को न्याय मिलना चाहिए। इस मौके पर सर्वेश कुमार मौजूद रहे।

प्रवीण बने राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय जनता पार्टी के आईटी विभाग के सह संयोजक व दादरी विधानसभा से सोशल मीडिया संयोजक प्रवीन कुमार सैनी को मानवाधिकार एक्शन फोरम ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है।

सैनी समाज ने मनाई सावित्री बाई की जयंती

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। राष्ट्रीय सैनी सभा द्वारा कल भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती सैनी हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा में मनाई गई। इस अवसर पर कई वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे व सामाजिक जागृति व सामाजिक उत्थान की बात को जोरों पर रखा, और बताया की सामाजिक उत्थान में सावित्रीबाई फुले का कितना बड़ा योगदान रहा।

सावित्रीबाई फुले ज्योतिबा राव फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारक, एवं मराठी कवियत्री थी उन्होंने अपने पति ज्योतिबा राव गोविंदराव फुले के साथ मिलकर स्त्री अधिकारों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए भारत की पहली महिला शिक्षिका थी एवं उन्हें आधुनिक मराठी काव्य का अग्रदूत भी कहा जाता है।

इस अवसर पर उपस्थित डॉ पवन सैनी व ध्रुव सैनी मथुरा से पाली राज सैनी सिकंदराबाद से दिनेश सैनी, चंद्रशेखर मौर्य, नेपाल सैनी, केपी भारती, अंजली कुशवाहा, बृजेश सैनी, प्रमोद सैनी, मोनू गौतम, बृजपाल शाक्य, केशव बौद्ध, ओमेंद्र शाक्य, अमित गौतम, सातवीर गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

किसान सभा की हुई बैठक

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। किसान सभा के साथ मिलकर जुनपत गांव के सिल्वर स्पून बैंकट हॉल में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर हुई सभा की अध्यक्षता तिलक देवी ने की।

जयंती के उपलक्ष में आयोजित महिलाओं ने खड़े होकर महिला समिति एवं किसान सभा की सदस्य वीरवती को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया।

दिल्ली एनसीआर महिला समिति की नेता आशा शर्मा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा की महिला सशक्तिकरण का एजेंडा आज तक अधूरा है।

सावित्रीबाई फुले ने 19वीं शताब्दी में तमाम संघर्ष करते हुए अपमान झेलते हुए महिलाओं को मजबूत करने के लिए अत्यंत उल्लेखनीय कार्य किया था और इसी उपलक्ष्य में हम सावित्रीबाई फुले की जयंती मना रहे हैं।

माघ मेले की तैयारियों में जुटा रेलवे

प्रयागराज (चेतना मंच)। माघ मेला-2024 की तैयारियों को लेकर मंडल रेल प्रबंधक, हिमांशु बडोनी की अध्यक्षता में मंडल के संकल्प सभागार में स्टेशनों के मूवमेंट प्लान पर बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुम्भ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन, प्रयागराज मंडल, लखनऊ मण्डल एवं वाराणसी मण्डल के रेल अधिकारियों की टीम उपस्थित रही।

बैठक के दौरान माघ मेले 2024 में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर गहन मंथन किया गया। इस दौरान प्रयागराज मंडल द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भीड़ प्रबंधन को लेकर रेलवे की योजनाओं की विस्तृत जानकारी मेला अधिकारी एवं जिला प्रशासन के साथ साझा की।

इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त प्रयागराज मण्डल वीपी पंडित ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि प्रयागराज मंडल ने स्टेशनों के मूवमेंट प्लान पर पैनी नजर रखने के लिए स्टेशन बिल्डिंग के ऊपर कन्ट्रोल टावर बनाया है जो किसी भी प्रकार की सूचनाओं के आदान-प्रदान एंव स्टेशन परिसर की भीड़ नियंत्रण/प्रबन्धन के लिए पूरे मेले अवधि के दौरान कार्य करेगा। इस मेला कण्ट्रोल टावर से मण्डल स्तर के अधिकारी प्रयागराज क्षेत्र के सभी नौ स्टेशन का प्रबन्धन करेंगे। आपको बता दें कि यह मेला टावर कन्ट्रोल रूम आधुनिकतम् संचार साधनों से युक्त रहेगा जैसे- सीसीटीवी, बीएसएनएल फोन, हाट लाइन, रेलवे फोन, वायरलेस, 25 वाट वीएचएफ सेट, डिस्प्ले एरिया बोर्ड, अन्य स्टेशनों एवं आई सी सी सी के साथ हाट लाईन इत्यादि।

अपर मण्डल रेल प्रबंधक/सामान्य संजय सिंह ने बताया कि प्रयागराज जंक्शन की क्षमता लगभग 10,000 यात्री प्रति घंटे है। भीड़ नियंत्रण के समय आपातकालीन संपर्क के लिए पारिभाषित एसओपी और क्षेत्रवार अधिकारियों का नामांकन (जॉनसनगंज, चौक, पानी की टंकी, बिजली घर चौक आदि जैसे महत्वपूर्ण जंक्शन पर) प्रयागराज जंक्शन कंट्रोल टॉवर में प्रतिनियुक्त समन्वयक जिला प्रशासन अधिकारी के पास उपलब्ध रहेगा।

उन्होंने बताया कि माघ मेले के दौरान केवल सिटी साइड से यात्री आश्रयों के माध्यम से दिशावार प्रवेश नियंत्रित तरीके से किया जायेगा। इस बार नई व्यवस्था में टिकट जारी करने का कार्य यात्री आश्रय के बाहर लीडर रोड पर किया जायेगा जिसके लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। जारी टिकट पर कलर कोड के अनुसार रंगीन स्टिकर लगाए जाएंगे जिससे यात्रियों को सही आश्रय में जाने में समस्या न हो।

मेले के दौरान यात्री आश्रयों के भर जाने पर शहर की ओर से भी प्रवेश बंद कर दिया जाएगा और ऐसी स्थिति में खुसरोबाग जैसे अस्थायी होल्ड-अप क्षेत्र में भीड़ को नियंत्रित किया जाएगा। जिला प्रशासन की नामित नियंत्रक टीम के साथ होल्ड-अप क्षेत्र का स्थान पूर्वनिर्धारित होगा हालाँकि, रेलवे अधिकारी स्थिति की बारीकी से निगरानी करेंगे और ऐसी स्थिति उत्पन्न होने से पहले ही जिला प्रशासन और माघ मेला नियंत्रण के प्रतिनिधियों को आगाह कर देंगे।

इस दौरान सभी यात्रियों को माघ मेला क्षेत्र एवं स्टेशन क्षेत्र में पैम्फलेट, ऑडियो-वीडियो, बैनर, लोक उद्घोषणा प्रणाली के सघन प्रयोग से रेलवे एवं जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सूचना साझा की जाएगी। निकास पूर्व की भांति केवल सिविल लाइन साइड से होगा। उन्होंने यह भी बताया कि मेला स्पेशल ट्रेन आवश्यकतानुसार चलायी जाएगी।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों को देखते हुए सभी स्टेशनों का संयुक्त टीम द्वारा एक दौरा कर लिया जाए और मूवमेंट प्लान में किसी भी बाधा को पहले से चिन्हित कर उसे दूर कर लिया जाए।

इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मण्डल, पूर्वोत्तर रेलवे एवं उत्तर रेलवे के अधिकारीगण, मेला प्रशासन एवं जिला तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

थ्रीव्हीलर की भिड़ंत में बच्चे की मौत, 3 घायल

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना दनकौर क्षेत्र के चीती गांव के पास दो थ्री व्हीलर की आपस में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में थ्री व्हीलर सवार में सवार सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए 8 वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। कस्बा बिलासपुर निवासी नाजिम ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि 2 जनवरी को उनका बड़ा भाई सलमान अपनी पत्नी रूबी तथा बच्चे सारिक, सारा व शावेज के साथ थ्री व्हीलर से बिलासपुर से बुलंदशहर जा रहे थे। चीती गांव के पास सिकंदराबाद की तरफ से तेज गति में आ रहे थ्री व्हीलर के चालक ने उसके भाई के थ्री व्हीलर में सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में उसके भतीजे सारिक तथा दूसरे थ्री व्हीलर के ड्राइवर को गंभीर चोटें आई। मौके पर मौजूद लोगों ने उसके भतीजे सारिक तथा ड्राइवर को सिकंदराबाद स्थित नवीन अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने सारिक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान 8 वर्षीय सरीक की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दुर्घटना का आरोपी ड्राइवर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती है। हालत में सुधार होने पर उसे गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

युवती का मोबाइल उड़ाया

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के गोल्फ सिटी में रहने वाली एक युवती का चोरों ने ऑटो में मोबाइल फोन निकाल लिया। पीड़िता ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गोल्फ सिटी निवासी कावेरी वाजपेई ने बताया कि वह किसी काम से जा रही थी। इस दौरान उसने शेयरिंग ऑटो लिया था। ऑटो में भीड़ अधिक थी, इस दौरान किसी ने उसके जेब से मोबाइल फोन निकाल लिया। ऑटो से उतरने के कुछ बाद उसे पता चला कि उसका मोबाइल फोन चोरी हो गया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर की तलाश के लिए सर्विलेंस सेल का सहारा ले रही है।

भारद्वाज नगर में खोला गया संघ का कार्यालय

प्रयागराज (चेतना मंच)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भारद्वाज नगर कार्यालय सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में स्थापित हो गया।

कार्यालय खुलने के पूर्व सभी भारद्वाज नगर के स्वयंसेवकों की उपस्थिति में वरिष्ठ स्वयंसेवक विपिन बिहारी मिश्राद्वारा विधिवत स्वस्ति वाचन के पश्चात पूजा अर्चन कर आर. एस. एस. के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार और गुरु गोलवलकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा की गई। पूजन कार्य के मुख्य यजमान भारद्वाज नगर के नगर कारवाह विनय मिश्रा थे।

इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवक अयोध्या धाम से पूजित अक्षत वितरण के संयोजक सुरेंद्र मिश्र, सहसंयोजक अजीत, सुनील सिंह, रंजन श्रीवास्तव, हर्ष शाख के शाखा कारवाह अशोक मुख्य शिक्षक बबलू तिवारी, पी.एन. पांडे, राम प्यारे दुबे, मनसा पांडे, कृष्णकांत, संजय सिंह एडवोकेट, आलोक आदि उपस्थित रहे।

अवैध असलाह समेत 3 बदमाश गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।

आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे तीन बदमाशों को पुलिस ने अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से तमंचा, कारतूस व चाकू बरामद हुए हैं।

थाना बिसरख प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गस्त पर थी। इस दौरान सेक्टर-3 में एक बदमाश के घूमने की सूचना मुखबिर से मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने फ्लोरेंस स्कूल के पास खड़े एक युवक को दबोच कर तलाशी ली तो उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अशफाक निवासी खगड़िया बिहार बताया। पकड़ा गया आरोपी हाल में सुदामापुरी थाना रिपब्लिक क्रॉसिंग गाजियाबाद में रह रहा है। थाना प्रभारी के मुताबिक पकड़े गए आरोपी ने स्वीकार किया कि वह आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।

वहीं थाना सेक्टर-49 पुलिस ने बरोला गांव स्थित हनुमान मंदिर की सर्विस रोड से आलोक उर्फ पियूष को चाकू सहित गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन की सर्विस रोड से जितेंद्र उर्फ टुंडा को भी एक चाकू सहित बंदी बनाया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पूर्व राज्यसभा सांसद की मनाई गई पुण्यतिथि

प्रयागराज (चेतना मंच)। पूर्व राज्यसभा सदस्य स्वर्गीय देवी प्रसाद त्रिपाठी (डी.पी.टी.) की चौथी पुण्यतिथि उनके पैतृक निवास सुल्तानपुर जनपद के मलिकपुर नुनेरा गांव में संपन्न हुआ। उनके छोटे भाई शशिभूषण तिवारी व भतीजे आल इंडिया इफको आफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, सुरेंद्र तिवारी एवं बड़े भाई श्रीनेत्र तिवारी और स्थानीय नागरिकों समाज के सभी क्षेत्रीय लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर गरीबों एवं जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया गया। जितेंद्र तिवारी ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में अपने चाचा स्वर्गीय डीपी त्रिपाठी से बहुत कुछ सीखा है। इस दौरान मौजूद लोगों ने स्व. डी.पी.त्रिपाठी को याद किया एवं उनके गरीब एवं जरूरतमंदों के प्रति किए गए कार्यों को याद किया।

पंडित रामानद पाठक ने शांति पाठ किया तथा केशव मिश्र ने कार्यक्रम का संचालन किया। वरिष्ठ पत्रकार चिंतक राघवेंद्र दुबे, वरिष्ठ कांग्रेसी प्रमोद मिश्रा वरिष्ठ, भाजपा नेता रामचंद्र चौधरी, अनुराग तिवारी, दयाशंकर त्रिपाठी व अन्य वक्ताओं ने स्व. डी.पी.त्रिपाठी के बारे में अपने संस्मरण रखे।

इस दौरान रामचंद्र चौधरी, प्रमोद मिश्र. संतोष तिवारी, मनोज त्रिपाठी, सुरेंद्र पांडेय तथा बड़ी संख्या में उनके मित्र रिश्तेदार तथा क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

भाकियू मंच का आंदोलन 16 जनवरी से

नोएडा (चेतना मंच)। आज भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान के नेतृत्व मे प्रधान कार्यालय शाहपुर गौर्वधनपुर सैक्टर-128 पर भाकियू मंच के कोर ग्रुप से मीटिंग की ओर आंदोलन की रणनीति बनायी।

भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने कहा की नोएडा प्राधिकरण व जनप्रतिनिधि किसानों के सभी कारों को पूरा नहीं कर रहे और नोएडा के 81 गांवों के किसानों का बेवकूफ बना कर शोषण कर रहे हैं।

16 जनवरी से भारतीय किसान यूनियन मंच नोएडा प्राधिकरण एवं जनप्रतिनिधियों के खिलाफ बड़ा जन आंदोलन करेगी ओर 4 जनवरी से नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आने वाले सभी गाँवों में जन जागरण के लिए किसान पंचायत करेंगे और क्षेत्र के किसानों ओर ग्रामवासियों को भारतीय किसान यूनियन मंच का विजन और मिशन बताएंगे।

इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन मंच के संरक्षक सुरेंद्र प्रधान, मुनेश प्रधान, चरण सिंह प्रधान, सूरज प्रधान, गौतम लोहिया, आशीष चौहान, विक्रम यादव, तेज सिंह चौहान, वीर सिंह मास्टर, दानिश सैफी, विमल त्यागी, रिंकू यादव, रोहतास चौहान, सोनू लोहिया, राजवीर चौहान, राहुल पवार, सोनू चपराना, फिरे चौहान, तरुण भाटी, नरेंद्र चौहान, प्रिंस भाटी, योगी राहुल पवार, रोहित शर्मा, उमेश चौहान, सत्येंद्र गुर्जर आदि किसान मौजूद रहे।

फ्लैट से दो लैपटॉप, 2 मोबाइल समेत कीमती सामान चोरी

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-76 स्थित अम्रपाली प्रिंसली सोसायटी के एक फ्लैट से चोरों ने दो लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, घड़ी व अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़िता ने अज्ञात चोर के खिलाफ थाना सेक्टर-113 में मुकदमा दर्ज कराया है।

आम्रपाली प्रिंसली सोसायटी के एक फ्लैट में रहने वाले साहिल जांगड़ ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 9 दिसंबर को अपने फ्लैट में सो रहा था। इस दौरान उसके कमरे का दरवाजा खुला रह गया। वह जब सोकर उठा तो उसे कमरे से दो लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, घड़ी व अन्य सामान गायब मिला। उसने लैपटॉप व मोबाइल फोन की काफी तलाश की लेकिन उनका कोई पता नहीं चला।

पीड़ित के मुताबिक उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने एसीपी के यहां रिपोर्ट दर्ज किए जाने की गुहार लगाई। एसीपी के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने 22 दिन बाद चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

जेवर कस्बे में वाहनों की नो एंट्री

पुलिस कमिश्नर ने जारी किए आदेश

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के पास बसे जेवर कस्बे को लेकर वाहन चालकों के लिए एक खास खबर सामने आयी है। खबर यह है कि नोएडा की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के आदेश पर गुरुवार, 4 जनवरी 2024 से वाहनों की भारी आवाजाही पर बैन लगा दिया गया है। अब से रोजाना सुबह और शाम के वक्त जेवर कस्बे में भारी वाहनों की नो एंट्री रहेगी।

नोएडा पुलिस कमिश्नरेट की मीडिया सेल के अनुसार, सड़क सुरक्षा एवं जनहित के दृष्टिगत दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कस्बा जेवर में नो-एन्ट्री के संबंध में पूर्व में निर्गत आदेशों को निरस्त करते हुए 4 जनवरी 2024 से कस्बा जेवर क्षेत्र में सार्वजनिक मार्गों पर सुचारू व्यवस्था बनाये रखने के निमित्त पुलिस अधिनियम-1861 की धारा-31 में प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत भारी/मध्यम माल वाहक वाहनों का आवागमन (इमरजेन्सी/आवश्यक सेवा में लगे वाहनों को छोडकर) प्रतिबन्धित किया जायेगा। भारी/मध्यम माल वाहक वाहनों का प्रतिबंध का समय प्रात:काल 07:00 बजे से 10:00 बजे तक तथा सायंकाल 15:00 बजे से 20:00 बजे तक निर्धारित है।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

भारत-इंग्लैंड के बीच दिव्यांग क्रिकेट मैच 28 से

डीसीसीआई ने खाटू श्याम कमेटी के अध्यक्ष को दी चीफ पैटर्न की जिम्मेदारी

खाटू धाम (सीकर)। खाटू धाम कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान के सम्मान व डीसीसीआई के बैनर के नीचे इंग्लैंड और भारत की क्रिकेट श्रृंखला को लेकर खाटू धाम राजस्थान और हरियाणा के पदाधिकारियों के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता रखी गई। पत्रकार वार्ता में डीसीसीआई की तरफ से नव नियुक्त चीफ पैटर्न एवं खाटू श्याम कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि डीसीआई के बैनर के नीचे उन्हें दिव्यांग खिलाड़ियों की सेवा करने के लिए जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ है,ताकि दिव्यांग खिलाड़ियों के मनोबल को और अधिक बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि आज वह डीसीसीआई के पदाधिकारी के द्वारा चीफ पैटर्न नियुक्त किए गए हैं।

इस अवसर पर डीसीसीएआई पदाधिकारियों ने श्री श्याम सेवादार राजेश भारद्वाज को भी पटका व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डीसीआई के महासचिव रवि चौहान, डीसीसीआई संयुक्त अभय प्रताप ,सचिव हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के ट्रेजरार रहे। सुरेंद्र अग्रवाल, पीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया, खाटू धाम सेवादार राजेश भारद्वाज, खजांची संजय गोयल, राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता एवं प्रवक्ता अशोक कुमार भारद्वाज, दिल्ली से मैनेजर अविनाश शर्मा,शुभम शर्मा हरियाणा ,पंजाब अरुण कुमार ,पूर्व कप्तान एवं रणजी खिलाड़ी राजस्थान से कोच रोहित जलानी,फरीदाबाद से योगेंद्र उर्फ योगी, सुनील कुमार राजस्थान,स्वदेशी क्लब से अशोक शर्मा हरियाणा, राहुल गोयल बैठक में शामिल थे।

डीसीसीआई के महासचिव रवि चौहान, संयुक्त सचिव अभय प्रताप, हैदराबाद से पहुंचे सुरेंद्र अग्रवाल तथा पीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने कहा कि 28 जनवरी से 6 फरवरी तक देश के अहमदाबाद के अनेक खेल मैदानो में भारत और इंग्लैंड के बीच में बाय लेटर सीरीज T20 मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। जिसको लेकर जनवरी में इंग्लैंड की टीम गुजरात पहुंचेगी।

कोरोना वायरसः पिछले 24 घंटे में दो मरीजों की मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में कोरोना वायरस फिर से पैर पसार रहा है और मामलों में इजाफा हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 760 नए मामले दर्ज किए गए। साथ ही कोविड-19 से दो मरीजों की मौत हो गई।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि नए मामले सामने आने से देश में कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,423 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार सुबह आठ बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे में केरल और कर्नाटक से एक-एक मरीज मौत हुई है।

बता दें कि पिछले साल पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक में पहुंच गई थी, कोरोना के नए वेरिएंट मिलने के बाद इसके मामले में तेजी से वृद्धि हुई है।

जब कोरोना वायरस अपने चरम पर था, तब रोजाना लाखों मामले दर्ज हो रहे थे। 2020 से अब तक भारत में 4.5 करोड़ से अधिक लोग कोरोना से संक्रमित हुए हैं और 5.3 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है।

मंत्रालय ने बताया कि कोरोना संक्रमण से ठीक होने वाले लोगों की संख्या 4.4 करोड़ से अधिक है। उसने बताया कि ठीक होने का दर 98.81 प्रतिशत है। वहीं, देश में अब तक कोविड टीकों की 220.67 करोड़ खुराकें लगाई जा चुकी हैं।

पृष्ठ एक के शेष....

जो बीजेपी में नहीं....

जेल में रखा गया है। अब बीजेपी झूठे आरोप लगाकर मुझे गिरफ्तार करना चाहती है। मुझे समन भेजे गए. मेरे वकीलों ने बताया कि ये समन गैरकानूनी हैं।'

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सवाल खड़े हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले उन्हें समन क्यों भेजा गया है। उन्होंने कहा, 'जांच को चलते हुए दो साल हो गए तो फिर लोकसभा चुनाव के पहले ही क्यों बुलाया जा रहा है। सीबीआई ने 8 महीने पहले बुलाया था। मैं गया भी था और जवाब भी दिए थे। अब लोकसभा चुनाव के पहले बुलाया जा रहा है तो उनका मकसद मुझसे पूछताछ करना नहीं है। वो लोग तो मुझे बुलाकर गिरफ्तार करना चाहते हैं। ताकि मैं प्रचार ना कर सकूं। नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करने के लिए आज बीजेपी ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर रही है।

सीएम केजरीवाल ने आगे कहा कि मनीष सिसोदिया और संजय सिंह इसलिए जेल में नहीं है कि उन्होंने कोई भ्रष्टाचार किया है. बल्कि, वे तो इसलिए जेल में हैं क्योंकि उन्होंने बीजेपी में जाने से इनकार कर दिया. केजरीवाल ने आगे कहा कि इस तरह से देश आगे नहीं बढ़ सकता है। जो कुछ भी चल रहा है, वह जनतंत्र के लिए बहुत खतरनाक है।

श्रद्धालु 32 सीढ़ियां...

से श्रीराम मंदिर में प्रवेश करेंगे। ट्रस्ट ने श्री राम मंदिर की विशेषताएं गिनाते हुए बताया है कि तीन मंजिला राम मंदिर पारंपरिक नागर शैली में बनाया गया है। मुख्य गर्भगृह में श्रीराम लला की मूर्ति है और पहली मंजिल पर श्री राम दरबार होगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार, राम मंदिर में 5 मंडप (हॉल) होंगे। इसमें नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना और कीर्तन मंडप।

देवताओं, देवी-देवताओं की मूर्तियां मंदिर के स्तंभों और दीवारों को सुशोभित करती हैं। 32 सीढ़ियां चढ़कर श्रद्धालु सिंहद्वार से एंट्री कर सकेंगे। मंदिर के चारों तरफ आयताकार परकोटा रहेगा। मंदिर में दिव्यांग और बुजुर्ग तीर्थयात्री के लिए भी विशेष सुविधाएं हैं। रैंप और लिफ्ट भी हैं।

मंदिर ट्रस्ट का कहना है कि मंदिर के पास एक ऐतिहासिक कुआं (सीता कूप) है, जो प्राचीन काल का है। इसके अलावा, 25,000 लोगों की क्षमता वाला एक तीर्थयात्री सुविधा केंद्र (पीएफसी) का निर्माण किया जा रहा है। यह तीर्थयात्रियों के लिए चिकित्सा सुविधाएं और लॉकर सुविधा प्रदान करेगा।

1. मंदिर का पारंपरिक नागर शैली में निर्माण हो रहा है।

2. मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट और ऊंचाई 161 फीट है।

3. मंदिर तीन मंजिला है, जिसकी प्रत्येक मंजिल 20 फीट ऊंची है। इसमें कुल 392 खंभे हैं। 44 दरवाजे हैं।

4. मुख्य गर्भगृह में भगवान श्रीराम का बचपन का स्वरूप (श्री राम लला की मूर्ति) है, जबकि पहली मंजिल पर श्रीराम का दरबार होगा।

5. पांच मंडप (हॉल) - नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना और कीर्तन मंडप।

6. देवी-देवताओं, देवी-देवताओं की मूर्तियां खंभों और दीवारों पर उकेरी गई हैं।

7. राम मंदिर में प्रवेश पूर्व दिशा से है, सिंह द्वार से 32 सीढ़ियां चढ़कर प्रवेश होगा।

8. दिव्यांगों और बुजुर्गों की सुविधा के लिए रैंप और लिफ्ट की व्यवस्था होगी।

9. मंदिर के चारों तरफ आयताकार परकोटा होगा। चारों दिशाओं में इसकी कुल लंबाई 732 मीटर और चौड़ाई 14 फीट है।

10. राम मंदिर परिसर के चारों कोनों पर चार मंदिर होंगे, इनमें सूर्य देव, देवी भगवती, गणेश भगवान और भगवान शिव को समर्पित होंगे। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा का मंदिर, जबकि दक्षिणी भुजा में हनुमान जी का मंदिर है।

11. मंदिर के पास एक ऐतिहासिक कुआं (सीता कूप) है, जो प्राचीन काल का है।

12. श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में प्रस्तावित अन्य मंदिर महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि अगस्त्य, महर्षि विश्वामित्र, निषाद राज, माता शबरी और देवी अहिल्या की पूज्य पत्नी को समर्पित रहेंगे।

13. राम मंदिर परिसर के दक्षिण-पश्चिमी भाग में कुबेर टीला पर जटायु की स्थापना के साथ-साथ भगवान शिव के प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है।

14. मंदिर में कहीं भी लोहे का इस्तेमाल नहीं किया गया है।

15. मंदिर की नींव का निर्माण रोलर-कॉम्पैक्ट कंक्रीट (आरसीसी) की 14 मीटर मोटी परत से किया गया है, जो इसे कृत्रिम चट्टान का रूप देता है।

16. मंदिर को जमीन की नमी से सुरक्षा के लिए ग्रेनाइट का इस्तेमाल कर 21 फुट ऊंचे चबूतरे का निर्माण किया गया है।

17. मंदिर परिसर में एक सीवेज उपचार संयंत्र, जल उपचार संयंत्र, अग्नि सुरक्षा के लिए जल आपूर्ति और एक स्वतंत्र बिजली स्टेशन है।

18. 25,000 लोगों की क्षमता वाला एक तीर्थयात्री सुविधा केंद्र (पीएफसी) का निर्माण किया जा रहा है, यह तीर्थयात्रियों को चिकित्सा सुविधाएं और लॉकर सुविधा प्रदान करेगा।

19.परिसर में स्नान क्षेत्र, वॉशरूम, वॉशबेसिन, खुले नल आदि के साथ एक अलग ब्लॉक भी होगा।

20. मंदिर का निर्माण पूरी तरह से भारत की पारंपरिक और स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके किया जा रहा है। इसका निर्माण पर्यावरण-जल संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए किया जा रहा है और 70 एकड़ क्षेत्र के 70 प्रतिशत हिस्से को हरा-भरा रखा गया है।

हनुमंत लला से...

यहां के राजा के रूप में विराजमान हैं। बिना उनकी अनुमति के यहां कोई शुभ काम नहीं होता है। इसी मान्यता के चलते प्रधानमंत्री सबसे पहले हनुमंत लला के दरबार में हाजिरी लगाएंगे। उनसे अनुमति लेंगे। फिर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए राम जन्मभूमि प्रस्थान करेंगे।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का अनुष्ठान 16 जनवरी से शुरू होगा। अनुष्ठान में पीएम मोदी सबसे पहले संकल्प लेकर देश को समर्पित करेंगे। फिर रामलला का षोडशोपचार पूजन करेंगे। यह करीब 20 मिनट का होगा। षोडशोपचार पूजन व महापूजन को मिलाकर गर्भगृह में कुल पूजा का वक्त 40 मिनट का होगा।

22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 84 सेकेंड का अति सूक्ष्म मुहूर्त होगा, जो 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकेंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड होगा। पूजन के दौरान गर्भगृह में 11 लोग मौजूद रह सकते हैं। पूजन आचार्य लक्ष्मीकांत व गणेश्वर द्रविड़ के निर्देशन में होगा।

निमंत्रण-पत्र....

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कई वीवीआईपी लोग शामिल होंगे। अब इसके लिए लोगों को निमंत्रण पत्र भी भेजे जाएंगे। इस कार्यक्रम के लिए एक खास निमंत्रण पत्र तैयार किया गया है। लाल रंग के इस कार्ड पर भगवा रंग में मैसेज लिखा गया है। वहीं राम मंदिर भी बना है। श्री राम की तस्वीर भी इस कार्य में आपको देखने को मिलेगी। इस निमंत्रण पत्र में राम मंदिर और श्री राम से जुड़ी हर एक जानकारी दी गई है।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आने वाले अतिथियों की सुरक्षा के लिए भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर भेजे जा रहे निमंत्रण पत्र पर क्यूआर कोड भी अंकित किया गया है ताकि आमंत्रित विशिष्टजन के वेश में कोई अवांछनीय तत्व कार्यक्रम स्थल एवं रामनगरी में प्रवेश न कर सके। सुरक्षाकर्मी इसे स्कैन कर अतिथि का सत्यापन करेंगे।

भगवान श्री राम पर...

एनसीपी नेता ने कहा कि 14 साल तक जंगल में रहने वाला व्यक्ति शाकाहारी भोजन खोजने के लिए कहां जाएगा? ये चीज लोगों को सोचनी चाहिए।

भगवान राम को 'मांसाहारी' बताने वाले बयान को लेकर एनसीपी-शरद पवार गुट के नेता जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ भाजपा ने सख्त रुख अपना लिया है। भाजपा नेता राम कदम ने एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायत दर्ज करा दी है।

फरवरी से चालू...

बताया कि यह पार्किंग सेक्टर-1 गोलचक्कर के पास ही बनी है। यह व्यावसायिक भूखंड है। यह भूखंड नोएडा प्राधिकरण की ओर से सेवन आर होटल्स प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। एग्रीमेंट के तहत होटल कंपनी ने यहां पार्किंग का निर्माण किया और संचालन के लिए इसे प्राधिकरण के हैंडओवर कर दिया। इसका निर्माण करीब चार साल से चल रहा था।

बता दें कि इस समय शहर में तीन जगह बहुमंजिला वाहन पार्किंग चल रही है जिनमें सेक्टर-18, 38ए बॉटनिकल गार्डन और सेक्टर-16ए स्थित फिल्म सिटी पार्किंग है। तीनों जगह करीब 10 हजार वाहनों को खड़े करने की क्षमता है। इनके अलावा सेक्टर-1, 3 और 5 में पार्क के नीचे पार्किंग बनी हुई है।

छात्रा को टक्कर मारने...

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा 45 सेकंड का यह वीडियो 30 दिसंबर का है। जब श्रुति त्रिपाठी नाम की बीकॉम की छात्रा अपनी दो सहेलियों के साथ खड़ी थी, इसी दौरान सफेद रंग की फॉर्च्यूनर कार आती है और उन्हे टक्कर मारकर फरार हो जाती हैं। अन्य छात्राएं भी झटके से दूसरी तरफ गिर जाती हैं। श्रुति को चोट आती है जबकि अन्य छात्राओ को चोट नहीं लगती है। आरोपी चालक कुछ ही सेकेंड बाद वापस आता है और तेज रफ्तार से बाहर निकल जाता है। वीडियो में कुछ लोग चालक का पीछा करते हुए भी दिख रहे हैं।

श्रुति त्रिपाठी के चाचा अनुपम त्रिपाठी का कहना है कि घायल श्रुति त्रिपाठी को एक निजी अस्पताल में भर्ती भी कराया गया और इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई थी। लेकिन थाने के स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद श्रुति अपने गृह जनपद वाराणसी चली गई। नोएडा जोन के एसीपी रजनीश वर्मा का कहना है, कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

एसीपी रजनीश वर्मा का कहना है, कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

फ्लिपकार्ट के पैकेट...

को गिरफ्तार किया था। इनके पास से विभिन्न पार्सलों से चोरी किए गए 20 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में मेरठ निवासी राजन फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना के आधार पर राजन को दुजाना गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पास से विभिन्न पार्सलों से चोरी किए गए 10 मोबाइल फोन बरामद हुए। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह चोरी किए गए मोबाइल फोन की आईएमईआई को चेंज करने के लिए दुजाना गांव स्थित फोन मार्केट आया था। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए पांचो फ्लिपकार्ट के सामान की डिलीवरी का काम करते थे। आरोपी बड़ी सफाई से पार्सल खोलकर उसमें रखे मोबाइल फोन व उसके बिल को निकाल कर उसके स्थान पर साबुन का टुकड़ा अथवा कबाड़ भर देते थे। इसके बाद वह बिल सहित मोबाइल फोन को सस्ते दामों पर लोगों को बेच देते थे।

ससुराल में महिला...

लिए भिजवाया। चिटहेड़ा गांव निवासी मोनू ने पुलिस को बताया कि बुधवार सुबह उसकी पत्नी नीलम घर में फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। उसने तुरंत परिजनों की मदद से उसे फंदे से नीचे उतारा और नवीन अस्पताल लेकर पहुंचा। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दिल्ली के घड़ौली निवासी नीलम की शादी करीब 8 वर्ष पूर्व मोनू के साथ हुई थी। नीलम की मौत की जानकारी मिलने पर उसके परिजन भी अस्पताल पहुंच गए परिजनों ने आरोप लगाया कि दहेज के लिए उनकी बेटी की हत्या की गई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि संबंध में परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। परिजन अगर तहरीर देते हैं तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

हरिद्वार में व्यापारी से...

रंगदारी मांगी थी। इस मामले में जयकुमार व उसके साथियों के खिलाफ हरिद्वार के थाना झबरेड़ा में मुकदमा दर्ज हुआ था। झबरेड़ा थाना पुलिस उसके साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है जबकि इस मामले में जयकुमार लगातार फरार चल रहा था। फरार चलने के कारण उसे पर 50 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था। फरार जयकुमार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पिछले काफी समय से प्रयास कर रही थी।

अमानत में खयानत...

बीते दिनों धीरज कुमार उनकी बजाज डिस्कवर बाइक को मांग कर ले गया और उसे वापस नहीं लौटाया। नीरज पाल के मुताबिक धीरज कुमार अपना वेतन शेष बताकर उसकी बाइक लौटाने से इनकार कर रहा है।

पीड़ित के मुताबिक उसने कई बार धीरज से अपनी बाइक मांगी लेकिन उसने लौटाने से साफ इनकार कर दिया थाना। प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

फिट दिखने का एक बेहतर विकल्प
ग्रीन टी, दालचीनी, तुलसी, विलायती इमली, पाईन एप्पल, कोकम, सोंठ आदि
जैसे 15 आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के एक्सट्रेक्ट से बना है जौली फैट गो कैप्सूल
इम्युनिटी बढ़ाएं, और मैटाबॉलिज़्म को तेज करें
जिससे आपके शरीर में फालतू वसा जमा नहीं होती और जमी हुई वसा ऊर्जा में बदलती है। भूख की तीव इच्छा भी नियंत्रित रहती है।
बढ़े हुए मैटाबॉलिज़्म से और बढ़ी हुई इम्युनिटी से आप रहें
स्वस्थ भी, स्मार्ट भी
2 पैक जौली फैट- गो कैप्सूल के साथ 1 पैक जौली तुलसी 51 ग्रीन टी
FREE
JOLLY
TULSI 51
GREEN TEA
NATURAL IMMUNITY BOOSTER
JOLLY
FAT-GO
CAPSULES
NEW ADVANCED FORMULA
JOLLY
FAT-GO
कैप्सूल और ऑयल
हर मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध है
Helpline» 0161-520-1551

CALIPH EXIM PVT. LTD.
Concept to reality
•ARCHITECTURE•CONSTRUCTION •INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS !
Certified by :
ISO 9001 CERTIFIED
startupindia
MSME
9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com

महुआ मोइत्रा पर पूर्व प्रेमी ने लगाया जासूसी करवाने का आरोप

–मुश्किल में मोइत्रा की और बढ़ेंगी मुश्किलें?

नई दिल्ली ।पश्चिम बंगाल से तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा पर उनके पूर्व प्रेमी ने जासूसी करवाने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसके लिए सीबीआई जांच की मांग की है। इस तरह से महुआ अब एक नए विवाद में घिरती नजर आ रही हैं। संसद में सवाल पूछने के बदले पैसे लेने के मामले में लोकसभा सदस्यता गंवा चुकीं मोइत्रा पर वरिष्ठ अधिवक्ता जय अनंत देहाद्राई ने बंगाल पुलिस की मदद से अवैध निगरानी करवाने का आरोप लगाया है। दरअसल देहाद्राई ने ही मोइत्रा पर सवाल के बदले पैसे लेने के आरोप लगाए थे, जिसके चलते उन्हें लोकसभा की सदस्यता से हाथ धोना पड़ा था। सीबीआई और गृह मंत्रालय को दिए एक शिकायत में सुप्रीम कोर्ट के वकील ने आरोप लगाया कि मोइत्रा ने अवैध रूप से अपने पूर्व प्रेमी के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) प्राप्त किए थे, क्योंकि उन्हें शक था कि उसका एक जर्मन महिला से अफेयर चल रहा था। यह महिला एक बड़ी सोशल मीडिया कंपनी की वरिष्ठ अधिकारी बताई जा रही है। अधिवक्ता देहाद्राई ने अपनी शिकायत में कुछ चैट के स्क्रीनशॉट और एक कथित सीडीआर सूची संलग्न करते हुए कहा कि मुझे यह जानकर हैरानी हुई कि मोइत्रा के पास बंगाल के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मदद से उसके पूर्व प्रेमी का पूरी सीडीआर हिस्ट्री थी, जिसमें उसे उन लोगों के बारे में सटीक जानकारी थी जो उसके पूर्व प्रेमी के संपर्क में थे। देहाद्राई ने अपनी जान को खतरा जताते हुए कहा कि इसमें दिन के चौबीसों घंटे उनके फोन के सटीक लोकेशन की भी जानकारी थी। उनके पास यह मानने के बड़े मजबूत कारण हैं कि मोइत्रा उन पर अवैध निगरानी रखने के लिए बंगाल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अपने संपर्कों का इस्तेमाल कर रही थीं। इधर ताजा आरोपों और सीबीआई जांच की मांग का जवाब देते हुए महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि मैं गृह मंत्रालय से आग्रह करती हूं कि भारत के सभी एक्स बॉयफ्रेंड्स की शिकायतों की जांच के लिए विशेष सीबीआई निदेशक नियुक्त किया जाए। इस शिकायत पर सभी पीपिंग टॉम्स सीसीडी के शहंशाह को देखकर खुशी हुई। उन्होंने गुजरात में अपने साहब की सुरक्षा के लिए अपने निगरानी कौशल को निखारा। इसकी तह तक भी जा सकते हैं।

बाबरी मस्जिद मामले में गिरफ्तारी को लेकर बीजेपी का प्रदर्शन, हिंदुओं के खिलाफ साजिश करार दिया

बेंगलुरु ।कर्नाटक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद हुए दंगों में शामिल एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध हुबली में आयोजित किया गया था, जहां 50 वर्षीय आरोपी पुजारी को सोमवार को गिरफ्तार किया गया था। विरोध के मद्देनजर पुलिस ने कहा कि उन्होंने हुबली और राज्य के अन्य हिस्सों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। पार्टी द्वारा बुलाए गए विरोध प्रदर्शन को देखते हुए हमने विरोध स्थल और उसके आसपास व्यापक इंतजाम किए हैं। अवैध शराब, दंगे और अन्य मामलों से संबंधित लगभग 13 मामले उठाए गए हैं। पुजारी को उत्तर प्रदेश में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के 31 साल बाद सोमवार को गिरफ्तार किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप देशव्यापी दंगे हुए थे। कर्नाटक पुलिस ने दावा किया कि गिरफ्तारी एक नियमित अभियान था और उसे अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया था क्योंकि उसके मामले को लंबे समय से लंबित बताया गया था। भाजपा ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार पर हिंदू कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया और गिरफ्तारी को हिंदुओं के खिलाफ साजिश करार दिया।

नए साल में मिली खुशखबरी, कूनो नेशनल पार्क में गूंजी चीता शावकों की किलकारी

नई दिल्ली। स्थानांतरित नामीबियाई चीतों में से एक 'आशा' ने मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में तीन शावकों को जन्म दिया। इस घटनाक्रम को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने साझा किया, जिन्होंने एक्स पर नवजात शावकों का एक दिल छू लेने वाला वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कूनो नेशनल पार्क ने तीन नए सदस्यों का स्वागत किया है। शावकों का जन्म नामीबियाई चीता आशा से हुआ है। यह परियोजना चीता के लिए एक बड़ी सफलता है, जिसकी परिकल्पना पीएम नरेंद्र मोदी जी ने पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने के लिए की थी। केंद्रीय मंत्री ने आगे लिखा कि परियोजना में शामिल सभी विशेषज्ञों, कुनो वन्यजीव अधिकारियों और भारत भर के वन्यजीव उत्साही लोगों को मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई। मार्च 2023 में, एक और चीता, सियाया, जिसे बाद में ज्वाला नाम दिया गया, ने चार शावकों को जन्म दिया था। हालाँकि, उनमें से केवल एक ही जीवित बचा। ज्वाला को भी नामीबिया से केएनपी में स्थानांतरित किया गया था। 21 दिसंबर को, वन अधिकारियों ने मध्य प्रदेश के कुनो-पालपुर राष्ट्रीय उद्यान में एक और स्थानांतरित अफ्रीकी चीता को जंगल में फिर से पेश किया। यह बाड़ों से बाहर निकलने वाली चौथी बड़ी बिल्ली थी, जहां जानवरों को जुलाई-अगस्त में ही सीमित कर दिया गया था क्योंकि मौतों की एक श्रृंखला ने मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना चीता पर संदेह पैदा कर दिया था।

कैदियों को जाति के आधार पर दिया जाता है काम, सुप्रीम कोर्ट में याचिका के बाद महाराष्ट्र समेत 11 राज्यों को नोटिस

मुंबई। देश की कई जेलों में कैदियों को उनकी जाति के आधार पर नौकरी दी जाती है, इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी. इसके आधार पर कोर्ट ने केंद्र सरकार और महाराष्ट्र समेत 11 राज्यों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है. महाराष्ट्र के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना, पंजाब, केरल राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया गया है। कोर्ट ने कहा कि नोटिस तामील कराते वक्त कैदी के साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता. सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति डी.वाई चंद्रचूड़, जे. बी.पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ वकील एस. मुरलीधर के बयान पर संज्ञान लिया. मुरलीधर ने कोर्ट में याचिका पर बहस करते हुए कहा कि 11 राज्यों की कई जेलों में काम के बंटवारे और जाति के आधार पर भेदभाव होता है. कैदियों का स्थान जाति के आधार पर तय किया जाता है। कोर्ट के समक्ष जानकारी पेश की गई कि उनके साथ इसी तरह का व्यवहार किया जा रहा है. कोर्ट ने इस संबंध में सारी जानकारी जुटाने का निर्देश दिया है और इस पर 4 हफ्ते बाद सुनवाई होगी. सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि जाति के आधार पर भेदभाव की बात सुनने में नहीं आई है. केवल विचाराधीन कैदियों और दोषियों को बाहर रखा गया है। इसमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, ओडिशा, केरल और तमिलनाडु शामिल हैं।

5 करोड़ खपाने के बाद, 50 लाख के नकली नोट के साथ 3 लोग गिरफ्तार

बदायूं ।देशभर में बड़ी तादाद में नकली नोट मिलने का सिलसिला जारी है। यूपी के बदायूं से 50 लाख के नकली नोट के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने बीते पांच साल में पांच करोड़ के नकली नोट बाजार में खपा दिए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तीनों आरोपी बदायूं के ही रहने वाले हैं। इनके पास से तकरीबन 50 लाख रुपए के नकली नोट बरामद किए हैं। तीनों आरोपी 500-500 के नकली नोट बाजार में खपाने जा रहे थे। इतना ही नहीं बल्कि ये बीते पांच सालों में पांच करोड़ के नकली नोट बाजार में चला चुके हैं। आरोपियों में से एक अंडर-ट्रेनिंग बीयूएमएस डॉक्टर और एक सीएससी सेंटर का मालिक बताया जा रहा है। खु?फिया जानकारी के मुताबिक दिल्ली पुलिस को कुछ दिनों पहले सूचना मिली थी कि एक आसिफ नाम का युवक बाजार में नकली नोट का कारोबार चला रहा है। इसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश तेज कर दी थी। इस बीच पुलिस को जानकारी मिली कि आसिफ बड़ी मात्रा में नकली नोट लेकर दिल्ली के अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के पास पहुंच रहा है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए ट्रैप लगाया। आरोपियों को रविवार रात करीब 10 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आसिफ की गाड़ी टीयूवी की जांच की, तो उसमें 500-500 के लगभग 50 लाख के नकली नोट मिले।

नीतीश कुमार बन सकते हैं इंडिया गठबंधन के संयोजक, तेजस्वी को होगा सियासी फायदा

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दिनों काफी चर्चा में है। माना जा रहा है कि उन्हे इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाया जा सकता है। इसका एलान आज बुधवार को हो रही इंडिया गठबंधन की बैठक में इसका एलान हो सकता है। इससे माना जा रहा है कि नीतीश के संयोजक बनने से जहां गठबंधन को फायदा होगा वहीं,लालू के लाल तेजस्वी यादव का सीएम बनने का रास्ता साफ हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के विजयी रथ को रोकने के लिए तैयार विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच लोकसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत चल रही है। बुधवार को एक वर्चुअल बैठक होने की उम्मीद है, जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गठबंधन का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया सकता है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को इंडिया गठबंधन का अध्यक्ष या चेयरपर्सन नियुक्त किए जाने की भी चर्चा है।

एक कांग्रेस नेता ने कहा, राहुल गांधी एक महत्वपूर्ण यात्रा पर निकल रहे हैं, हम यात्रा की गति को जारी रखना चाहते हैं। अगर नीतीश कुमार भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में चले जाते हैं तो विपक्ष को एकजुट करने का प्रयास विफल हो जाएगा। इंडिया गठबंधन के अधिकांश सदस्य इस बात से चिंतित हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष या चेयरपर्सन का पद खड़गे के पास रखकर गठबंधन में अग्रणी पार्टी के रूप में अपनी प्रधानता बनाए रखेगी। आरजेडी शुरू में नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन में संयोजक का पद पाने के लिए उत्सुक नहीं थी, लेकिन अब उसने भी इस पर विचार करना शुरू कर दिया है। आरजेडी को उम्मीद है कि बिहार के मुख्यमंत्री का राष्ट्रीय राजनीति पर अधिक ध्यान केंद्रित करने से बिहार की बागडोर तेजस्वी यादव के हाथों में आ सकती है। पार्टी के एक नेता ने कहा, राजद पर कुछ समय से जदयू खेमे की ओर से एक साथ चुनाव के लिए नीतीश कुमार के विचार पर सहमत होने के लिए दबाव है। नीतीश कुमार राजद को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि अगर विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ हुए तो महागठबंधन न केवल लोकसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल कर सकता है।

इंडिया गठबंधन के एक सूत्र ने कहा, लालू प्रसाद, कांग्रेस और वाम दलों के साथ नीतीश कुमार 25-30 सीटें जीतने की स्थिति में हैं। चूंकि नीतीश विपक्षी एकता के प्रमुख प्रेरक थे, इसलिए उन्हें उचित महत्व दिया जाना चाहिए। अगर उन्हें संयोजक बनाया भी गया तो इसका मतलब यह नहीं कि वह पीएम पद के उम्मीदवार हैं।हालांकि जेडीयू ने आधिकारिक तौर पर नीतीश कुमार को गठबंधन का संयोजक नियुक्त किए जाने की संभावना के बारे में चुप्पी साध रखी है। पार्टी के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा, हमने कांग्रेस की तरफ से इस विषय पर कुछ नहीं सुना है। लेकिन हम ऐसे किसी भी कदम का स्वागत करेंगे। खड़गे को अगर अध्यक्ष बनाया जाता है तो यह एक अच्छा कार्ड साबित होगा क्योंकि वह दलित हैं।

सीएम केजरीवाल का आदेश...ईडी अपना समन वापस लो

-भाजपा का आरोप आजाद भारत में पहली बार हुआ ऐसा

नई दिल्ली। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने ईडी द्वारा भेज गए तीसरे नोटिस के बावजूद जांच एजेंसी के सामने पेश होने की बजाय ईडी को समन वापस लेने का पत्र लिखने के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल की आलोचना कर कहा कि आजाद भारत के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ होगा कि किसी ने जांच एजेंसी को कहा हो कि मैं तुम्हें आदेश देता हूं कि अपना समन वापस लो। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता भाटिया ने कहा कि जो केजरीवाल यह कहते हुए राजनीति में आए थे कि अगर किसी पर आरोप लगे तब उस तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए, वहीं केजरीवाल आज ईडी को समन वापस लेने को कह रहे हैं। भाटिया ने कहा कि ईडी उन्हें नवंबर 2023 में जब पहला समन भेजती है, तब वे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का बहाना बना लेते हैं। जब दूसरा समन दिसंबर 2023 में भेजा गया तब उन्होंने विपश्यना योग का बहाना बना लिया। फिर उन्हें जब तीसरा समन भेजा गया और यह उम्मीद की जा रही थी कि अगर कानून के प्रति उनके मन में सम्मान जीवित हैं और उनमें थोड़ी भी मर्यादा बची है, तब वे ईडी के सामने जाकर, सारे सवालों के जवाब दें, क्योंकि अगर उन्होंने बेईमानी नहीं की है, तब फिर डरना कैसा? लेकिन ईडी के सामने पेश होने की बजाय वे पत्र लिखकर समन वापस लेने को कह रहे हैं।

फिलहाल लागू नहीं होगा हिट एंड रन कानून, गृह सचिव ने दिया आश्वासन

–सरकार और ट्रांसपोर्टरों के बीच हुई सुलह, ट्रक ड्राइवरों से हड़ताल वापस लेने की अपील

नई दिल्ली (एजेंसी)। हिट एंड रन कानून फिलहाल लागू नहीं होगा, इसे जब भी लागू करेंगे तो संगठन से चर्चा की जाएगी। इस तरह के आश्वासन के साथ केन्द्रीय गृह सचिव ने ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत की। इस तरह से हिट एंड रन केस के लिए नए कानून को लेकर सरकार और ट्रांसपोर्टरों में सुलह हो गई है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों और सरकार के बीच हुई बातचीत सफल बताई जा रही है। इधर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने कहा है कि ट्रक ड्राइवर अपनी हड़ताल वापस लें और काम पर लौट आएं। ट्रांसपोर्ट संगठन ने देशभर के ड्राइवरों से हड़ताल वापस लेने को कहा है। सरकार की तरफ से संगठन को आश्वसान दिया गया है कि फिलहाल कानून को लागू नहीं किया जाएगा और जब भी इसे लागू किया जाएगा तो संगठन से चर्चा की जाएगी। इसके बाद ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने ड्राइवरों से हड़ताल खत्म करने की अपील की है। देशभर में मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत हिट-एंड-रन केस के मामलों के लिए नए कानून का विरोध हो रहा है। देशभर में बड़े वाहनों के ड्राइवर हड़ताल पर हैं और नए कानून को लागू नहीं करने की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर मंगलवार शाम को गृह मंत्रालय में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला के साथ ट्रासंपोर्ट संगठन की बैठक हुई।

बैठक में आश्वासन मिलने पर संगठन हड़ताल वापस लेने को सहमत हो गया है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के चेयरमैन मलकीत सिंह बल ने बताया कि 106 (2) जिसमें 10 साल की सजा है और जुर्माना है, वह कानून लागू नहीं होने देंगे। सभी संगठन की चिंता लेकर हम भारत सरकार के पास पहुंचे। नए कानून में जो 10 साल की सजा और जुर्माना, अभी लागू नहीं है। हम ड्राइवरों को आश्वासन दिलाते हैं कि यह कानून लागू नहीं होने देंगे। हमने अपील की है कि हड़ताल वापस हो। सभी ड्राइवर अपने वाहनों पर वापस लौटें। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता के मसले पर हमारी मुलाकात और बातचीत हुई, अब हमें कोई दिक्कत नहीं है। सारे मसलों का समाधान हो गया है। नए कानून लागू नहीं हुए हैं। कानून को लागू करने से पहले ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट कांग्रेस से सलाह मशवरा किया जाएगा।

उधर केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने बताया कि ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस से दस साल की सजा वाले कानून पर चर्चा हुई है। ये कानून अभी लागू नहीं हुआ है। इसे लागू करने से पहले एआईएमटीसी से चर्चा करेंगे और इसके बाद ये लागू किया जाएगा। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के अध्यक्ष अमृत लाल मदान ने कहा कि आप सिर्फ ड्राइवर नहीं हैं, हमारे सैनिक हैं। हम नहीं चाहते कि आपको किसी असुविधा का सामना करना पड़े। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दस साल की सजा और जुर्माने कानून को फिलहाल रोक दिया है।

भारत-नेपाल 7वीं संयुक्त आयोग बैठक, काठमांडू पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर द्विपक्षीय संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता करने और कनेक्टिविटी और विकास सहित सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर नेपाली नेतृत्व के साथ बातचीत करने के लिए 4-5 जनवरी को नेपाल का दौरा करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य भारत की पड़ोसी प्रथम नीति के तहत दोनों देशों के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत करना है। यात्रा के दौरान बिजली खरीद, कनेक्टिविटी और व्यापार जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। भारतीय सहायता से पूरी हुई कुछ विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया जा सकता है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर द्विपक्षीय संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता करने और कनेक्टिविटी से लेकर क्षेत्रों में संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए काठमांडू में नेतृत्व के साथ बातचीत करने के लिए 4-5 जनवरी के दौरान नेपाल की वर्ष की अपनी पहली विदेश यात्रा करेंगे। जयशंकर विदेश मंत्री एनपी सऊद के निमंत्रण पर नेपाल का दौरा कर रहे हैं, जो उनके साथ संयुक्त आयोग की सातवीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे, जिसे 1987 में स्थापित किया गया था और यह द्विपक्षीय के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए दोनों विदेश मंत्रियों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यात्रा की घोषणा करते हुए एक बयान में कहा कि यात्रा के दौरान, जयशंकर नेपाल के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और प्रमुख राजनीतिक हस्तियों से मुलाकात करेंगे। नेबरहुड फर्स्ट नीति के तहत नेपाल भारत का प्राथमिकता वाला भागीदार है। बयान में कहा गया कि यह यात्रा दो करीबी और मैत्रीपूर्ण पड़ोसियों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा को ध्यान में रखते हुए है।

स्वागत में पुष्पगुच्छ की जगह लाएं किताबें : रेणुका सिंह

–संसाधनों से वंचित विद्यार्थियों का शिक्षा स्तर बढ़ाने, विधायक ने दिया बल

मनेन्द्रगढ़। (एजेंसी)। भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक और पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका ने कहा है कि उनके स्वागत में गुलदस्ते की बजाय ऐसी किताबें दी जायें, जिसे बच्चे पढ़ सकें। सोशल मीडिया पर विनम्र अपील लिखते हुए विधायक रेणुका सिंह ने यह गुलदस्ते कुछ देर बाद ही ये मुरझा जाते है। उसकी जगह विद्यार्थियों के लिए उपयोगी किताबें या स्टेशनरी (कॉपी-कलम आदि) दें तो ज्यादा अच्छा होगा। आइए, हम साथ मिलकर ज्ञान का प्रकाश फैलाएं। यह अपील इसलिए भी प्रासंगिक है, क्योंकि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय और अन्य मंत्रियों ने कई बार गुलदस्तों की जगह सिर्फ एक फूल देकर स्वागत करने की अपील की और इस अपील का असर धीरे-धीरे हो भी रहा है। स्वागत और मुलाकात में बुके देने की बजाय बुक देने की अपील का मकसद बताते हुए रेणुका सिंह ने बताया कि जब भी लोग मिलने के लिए आते है, तो साथ में फूलों का गुलदस्ता लेकर आते हैं। लेकिन, उनके जाने के कुछ देर बाद ही ये मुरझा जाते है। इसलिए मिलने के लिए आने वाले सभी लोगों से मेरा यह आग्रह है कि आप मुझसे अब जब भी मिलने आएं तो कृपया फूल या बुके लेकर न आएं। उसकी जगह विद्यार्थियों के लिए उपयोगी किताबें या स्टेशनरी लायें तो ज्यादा अच्छा होगा। विधायक रेणुका सिंह का कहना है कि मेरा विधानसभा क्षेत्र भरतपुर सोनहत क्षेत्रफल के लिहाज से प्रदेश का सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र है। यहां शिक्षा का स्तर बढ़ाने की जरूरत है। जो बच्चे किताब कॉपी या संसाधनों की कमी की वजह से पढाई नहीं कर पाते हैं उनके लिए यह सहयोग है जो आपको हमको और हम सबको करना चाहिए।

विभिन्न मांगों को लेकर किसान मजदूर संगठन 13 फरवरी को करेंगे प्रदर्शन

–18 किसान मजदूर संगठनों और संयुक्त किसान मोर्चा ने किया दिल्ली में प्रदर्शन की घोषणा

नई दिल्ली (एजेंसी)। केन्द्र सरकार की कृषि नीति के खिलाफ उत्तर भारत के 18 किसान मजदूर संगठनों और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) ने 13 फरवरी को दिल्ली कूच के लिए जंडियाला गुरु अनाज मंडी मे बिगुल बजाकर घोषणा की।

किसान नेताओं ने कहा कि केंद्र में जितनी भी सरकारें आई, उन्होंने देश के सभी प्रकार के संसाधनों को देशी-विदेशी कॉरपोरेट घरानों के हाथों बेचने की नीति के तहत काम किया है। पिछले 10 वर्षों तक भाजपा सरकार पिछली सरकारों से आगे बढ़कर देश की जमीन और कृषि क्षेत्र पर कब्जा करने की नीति के तहत काम कर रही है।बताया गया है कि केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के किसान मजदूर आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

किसान संगठन की मांग है कि सभी फसलों की खरीद पर एमएसपी गारंटी कानून बनाकर फसलों के दाम स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सी-2 + 50 प्रतिशत के फार्मूले के साथ दिया जाए, सरकार द्वारा फसल बीमा योजना लागू की जाए, किसानों और खेत मजदूरों को पूर्ण ऋण मुक्ति की जाए, भूमि अधिग्रहण में वर्ष 2015 के दौरान किए गए संशोधन को निरस्त कर 2013 के रूप में लागू किया जाए, भारत को विश्व व्यापार संगठन के साथ किए गए समझौतों से बाहर निकाला जाए तथा भारतीय किसानों की पूरी फसल प्राथमिकता के आधार पर खरीदी जाए, 58 वर्ष की आयु वाले किसानों और खेत मजदूरों के लिए 10 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन योजना बनाई जाए, बिजली बिल 2020 को पूरी तरह से खारिज किया जाए, लखीमपुर खीरी हत्याकांड के मामलें में पीड़ितों को न्याय दिया जाए, दिल्ली मोर्चे के दौरान दर्ज किए गए पुलिस मुकदमे रद्द किए जाएं, वादे के मुताबिक शहीद हुए किसानों के परिवारों को मुआवजा और नौकरी दी जाए।

रैली में प्रस्ताव पारित कर मांग की गई कि नशे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए और पीड़ित युवाओं का इलाज किया जाए। इन युवाओं का पुनर्वास किया जाए, आबादकार किसानों मजदूरों को जमीन के मालिकाना हक देने के लिए कानून बनाया जाए, अटारी बॉर्डर को कृषि उत्पादों और सभी प्रकार के व्यापार के लिए खोला जाए, जो इंडस्ट्री कृषि से जुड़ी हुई है उसे बंद करने की बजाय बढ़ाया जाए, धूरी मिल, सेरो गन्ना मिल और अन्य नरमे से जुड़े उद्योग कायम रहना चाहिए। रैली में बाबा गुरनाम सिंह द्वारा लखीमपुर हत्याकांड के आरोपी अजय मिश्रा को लखीमपुर के गुरुद्वारा साहिब से दिए गए सम्मान की निंदा की गई।

सीएए को लेकर फिर शुरू हुई राजनीति, येचुरी ने बताया बीजेपी का चुनावी दांव, ओवैसी बोले- यह संविधान विरोधी

नई दिल्ली (एजेंसी)। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के नियमों को 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अधिसूचित किया जाएगा। यही कारण है कि अब सीएए को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को कहा कि यह हाशिए पर रहने वाले समुदायों, खासकर मुसलमानों के लिए गंभीर अन्याय होगा। उन्होंने यह भी कहा कि 2019 में पारित कानून ÷संविधान विरोधी÷ था क्योंकि यह धर्म के आधार पर बनाया गया था। उन्होंने कहा कि सीएए संविधान विरोधी है। सीएए को एनपीआर-एनआरसी के साथ पढ़ा और समझा जाना चाहिए जो इस देश में आपकी नागरिकता साबित करने के लिए शर्तें तय करेगा।

ओवैसी ने साफ तौर पर कहा कि यदि ऐसा हुआ तो यह घोर अन्याय होगा, खासकर मुसलमानों, दलितों और भारत के गरीबों के साथ, चाहे वे किसी भी जाति या धर्म के हों। सीपीआई(एम) के महासचिव सीताराम येचुरी ने दावा किया कि केंद्र लोकसभा चुनाव से पहले सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब यह स्पष्ट है। इतने वर्षों तक...इन नियमों (सीएए) को अधिसूचित नहीं किया गया...स्पष्ट रूप से, वे चुनावों से ठीक पहले इन नियमों को अधिसूचित करना चाहते हैं ताकि इसे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को तेज करके चुनावों में लाभ उठाने के लिए एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह कुछ चुनावी लाभ के लिए नियमों और घोषणाओं को एक उपकरण के रूप में उपयोग कर रहा है। जानकारी के मुताबिक एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 के नियमों को लोकसभा चुनाव की घोषणा से ÷काफी पहले÷ अधिसूचित किया जाएगा। पदाधिकारी ने कहा, ÷हम जल्द ही सीएए के लिए नियम जारी करने जा रहे हैं। एक बार नियम जारी होने के बाद, कानून लागू किया जा सकता है और पात्र लोगों को भारतीय नागरिकता दी जा सकती है।÷ नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए सीएए के नियमों का उद्देश्य बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों - जिनमें हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई शामिल हैं - को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है। पिछले महीने, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोहराया था कि सीएए के कार्यान्वयन को कोई नहीं रोक सकता क्योंकि यह देश का कानून है। कोलकाता में एक सभा को संबोधित करते हुए शाह ने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा सीएए को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर इस मुद्दे पर लोगों को गुमराह करने का भी आरोप लगाया था। टीएमसी नेता इस कानून के आने के बाद से ही इसका विरोध कर रहे हैं। बहुप्रतीक्षित सीएए को लागू करने का आश्वासन पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनावी एजेंडा था।



पर्यटन का खास मुकाम डल झील

डल झील श्रीनगर, कश्मीर में तो प्रसिद्ध है ही लेकिन दुनिया भर के सैलानियों के लिए भी यह पर्यटन का एक खास मुकाम है। कहा जाता है कि इसमें स्त्रोतों से जल आता है एवं यह झील खुद ही कश्मीर घाटी में काफी झीलों से जुड़ी हुई है।

यह दुनिया भर में शिकारों या हाऊस बोट के लिए जानी जाती है और सैलानी खासतौर पर इनका आनंद लेने के लिए यहां आते हैं। यह 18 किलोमीटर क्षेत्र में फैली हुई है। तीन दिशाओं से पहाड़ियों से घिरी डल झील जम्मू कश्मीर की दूसरी सबसे बड़ी झील मानी जाती है और भारत की सबसे सुंदर झीलों में इसे शामिल किया जाता है। पर्यटक जम्मू-कश्मीर आएं और डल झील देखने न जाएं ऐसा हो ही नहीं सकता।

डल झील के पास ही मुगलों के सुंदर एवं प्रसिद्ध पुष्प वाटिका से झील की आकृति और उभरकर सामने आती है। मुख्य रूप से इस झील में मछली का काम होता है। डल झील के मुख्य आकर्षण का केंद्र हैं यहां के हाउसबोट। सैलानी इन हाउसबोटों में रहकर इस खूबसूरत झील का आनंद उठा सकते हैं।

झील, कश्मीर की घाटियों की अन्य धाराओं के साथ मिल जाती है। झील के चार जलाशय हैं गगरीबल, लोकुट डल, बोड डल तथा नागिन। लोकट डल के मध्य में रूप लंक द्वीप स्थित है, तथा बोड डल जलधारा के मध्य में सोना लंक स्थित है। वनस्पति डल झील की खूबसूरती को और निखार देती है। कमल के फूल, पानी में बहती कुमुदनी, झील की सुंदरता को दुगुना कर देती है।

सैलानियों के लिए झील के सौंदर्य के अलावा भी विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन यहां पर उपलब्ध हैं। जैसे कि कायाकिंग, केनोइंग डोंगी पानी पर सर्फिंग करना व ऐंगलिंग मछली पकड़ना आदि से सफर और ज्यादा रोमांचक हो जाता है। कश्मीर के प्रसिद्ध विश्वविद्यालय झील के तट पर स्थित है। हाउसबोट में रहकर सैलानी इस झील के खूबसूरत वातावरण से भावविभोर हो जाते हैं।

शिकारे के माध्यम से सैलानी नेहरूपार्क, कानुटूर खाना, चारचिनारी, कुछ द्वीप जो यहां पर स्थित हैं, उन्हें देख सकते हैं। श्रद्धालुओं के लिए हजरतबल तीर्थस्थल के दर्शन करे बिना उनकी यात्रा अधूरी रह जाती है। शिकारे के माध्यम से श्रद्धालु इस तीर्थस्थल के दर्शन कर सकते हैं। एक शिकारे पर सवार होकर विभिन्न प्रकार की कश्मीरी चीजें भी खरीद सकते हैं और दुकानें भी शिकारे पर ही लगी होती हैं। यह मात्र खरीददार तक ही सीमित नहीं है, परन्तु एक रोमांचित कर देने वाला खेल भी होगा।

कैसे जाएं: यदि पर्यटक डल झील पहुंचना चाहते हैं, तो श्रीनगर जिले से 25 किलोमीटर की दूरी पर बडगाम जिले में स्थित एयरपोर्ट पर पहुंच सकते हैं। नजदीक रेल सेवा जम्मू में स्थित है, तथा वहां का नेशनल हाईवे एनएचए कश्मीर घाटी को देश के अन्य भागों से जाड़ता है। इन पहाड़ी इलाकों पर यात्रा करने के लिए दस से बारह घंटे लगते हैं। इस सफर के दौरान पर्यटक यहां के प्रसिद्ध जवाहर टनल को निहार सकते हैं।

धर्मशाला में उठायें बर्फली पहाड़ियों का रोमांच

धौलधार की पहाड़ियों में ट्रैकिंग व रॉक क्लााइबिंग जाने के लिए धर्मशाला शुरूआती पॉइंट है। यहां कई नदियों व झरनों में एंगलिंग व फिशिंग का मजा लिया जा सकता है। यहां का नजदीकी एयरपोर्ट गगला है, जिसकी यहां से दूरी 13 किलोमीटर है।

पहाड़ियों में चीड़ व देवधर के घने जंगलों और बर्फ को करीब से देखने का अनुभव धर्मशाला में मिलता है। यहां सीधे-सादे और बौध धर्म के बिरले चिन्ह भी यहां आसानी से देखने को मिलते हैं। धर्मशाला में झरने व सुहाने नजारे इस जगह को सभी की पसंद बनाते हैं। हालांकि अब यहां तिब्बत के लोग ज्यादा रहते हैं, लेकिन ब्रिटिश काल का प्रभाव इस छोटे शहर पर आज भी महसूस किया जा रहा है।

खूबसूरत पहाड़ी शहर धर्मशाला को यूं तो अंग्रेजों ने बसाया था, लेकिन अब तिब्बतियों की संख्या ज्यादा होने से इस पर वहां के कल्चर का इतना प्रभाव पड़ा है कि इसे लिटल ल्हासा के नाम से जाना जाता है। हिमाचल प्रदेश में धौलाधर की पहाड़ियों में बसा धर्मशाला देश-विदेश के सैलानियों का पसंदीदा हिल स्टेशन है। इसे साल 1855 में अंग्रेज ने इसे बसाया था। दरअसल, यह उन 80 रिजॉर्ट्स में से था, जिन्हें अंग्रेजों ने गर्मी से बचने के लिए तैयार करवाया था।

गद्दी, तिब्बती, टेकर्स, टूरिस्ट और लोकल वेंडर्स, सब मिलकर निचले धर्मशाला यानी कोतवाली बाजार में एक अलग ही माहौल बनाते हैं। यह जगह समुद्र तल से 1250 मीटर की ऊंचाई पर है। लोगों का खूब आना-जाना होने की वजह से यहां खासी हलचल रहती है। समुद्र तल से 1768 मीटर की ऊंचाई पर बसे ऊपरी धर्मशाला यानी मैकलॉडगंज में दलाई लामा का निवास है। दोनों जगह की दूरी 10 किलोमीटर है। जहां तक घूमने की बात है, तो धर्मशाला में आपको अडवेंचरस व स्प्रिचुअल माहौल मिलेगा। ठंडी पहाड़ी हवाओं में गूंजती प्रार्थनाओं की आवाजें मन को एक ठहराव देती हैं। ऐसे में बेशक धर्मशाला जाना दलाई लामा से मुलाकात के बिना अधूरा है और यकीन मानिए इस माहौल में उनका साथ किसी भी इंसान को कुछ देर के लिए एक अलग ही दुनिया में ले जाता है। वैसे,धर्मशाला की तमाम मोनेस्ट्रीज एक बार देखने लायक जरूर है और अलग-अलग समाधियों में भगवान बुद्ध की तांबे की प्रतिमाएं भी दर्शनीय हैं। अब जब इतना कुछ एक ही जगह पर मौजूद है तो देश-विदेश के पर्यटकों का सहज ही धर्मशाला की ओर खिंचे आना हैरानी की बात नहीं है। अगर आप मेडिटेशन करते हैं तो यहां के तुशिता मेडिटेशन सेंटर में मोंक्स द्वारा दी जाने वाली क्लासेज जॉइन की जा सकती है। यहां आपको साफ-सुथरे आवास की सुविधा भी मिलेगी। मेडिटेशन सीखने के बाद नेचुंग मोनेस्ट्री में 3किलोमीटर बना म्यूजियम देख सकते हैं। नोबरलिंगा इंस्टीट्यूट में आप नए आर्टिस्ट्स को थंगका पेंटिंग्स सीखते देख सकते हैं। अगर आप दाल, चावल, रोटी और सैंडविच खाकर बोर हो गए हैं तो यहां आप बेहतरीन तिब्बती खाने का मजा ले सकते हैं।

यहां के कई रेस्तरांओं में आपको लजीज मोमोज व थुक्पा खाने को मिलेंगे। खाने का लुत्फ लेने के बाद आप लंबी वॉक, ट्रेकिंग और खूबसूरत नजारों में पिकनिक का मजा ले सकते हैं। यहां से 8 किलोमीटर आगे आपको ब्रिटिश राज का मेमोरियल चर्च ऑफ सेंट जॉन-इन-द विल्डरनेस देख सकते हैं। इसे ब्रिटिश वायसरॉय लॉर्ड एलगिन के नाम पर बनाया गया है। निचले धर्मशाला में बना कांगड़ा आर्ट म्यूजियम कांगड़ा के सालों पुराने इतिहास को दिखाता है।

म्यूजियम की एक गैलरी में आपको कांगड़ा की मशहूर पेंटिंग्स, स्कल्पचर्स, मिट्टी के बर्तन और एंथ्रोपॉलजी से जुड़ी तमाम चीजें देखने को मिलेंगी। धर्मशाला के एंट्री पॉइंट पर आपको एक वॉर मेमोरियल देखने को मिलेगा, जिसे स्वतंत्रता की लड़ाई में शहीद होने वाले जवानों की याद में बनवाया गया है। धर्मशाला में धर्मकोट व डल लेक जैसे पिकनिक स्पॉट्स भी हैं और यहां सितंबर के महीने में हर साल एक बड़ा मेला भी लगता है।

इसी के पास भगसुनाथ की श्राइन भी है। इस पुराने मंदिर के पास से बहते ताजे पानी से झरने इस जगह को एक अलौकिक नजारा बना देतो हैं। देवी कुणान पथरी को समर्पित मंदिर, ततवानी के गर्म पानी के झरने और मछरैल के बड़े वॉटरफॉल भी देखने लायक जगहें हैं। अगर वुड वर्क में दिलचस्पी रखते हैं तो नॉरबुलिंका इंस्टीट्यूट जरूर जाएं। यहां हो रहे काम की आर्ट को देखकर निश्चित तौर पर आप हैरान रह जाएंगे। स्वामी चिन्मानंद द्वारा बनाया गया चिन्मय तपोवन भी एक दर्शनीय जगह है। बिंदु सारस के किनारे बसे इस आश्रम में आपको नौ मीटर ऊंची हनुमान जी की मूर्ति, राम मंदिर, मेडिटेशन हॉल वगैरह दिखेंगे।

धौलधार की पहाड़ियों में ट्रैकिंग व रॉक क्लााइबिंग जाने के लिए धर्मशाला शुरूआती पॉइंट है। यहां कई नदियों व झरनों में एंगलिंग व फिशिंग का मजा लिया जा सकता है। यहां का नजदीकी एयरपोर्ट गगला है, जिसकी यहां से दूरी 13 किलोमीटर है। यहां से नजदीकी रेलवे स्टेशन पठानकोट है, जहां से धर्मशाला 85 किलोमीटर की दूरी पर है। सड़क मार्ग से यहां चंडीगढ़, कीरतपुर और बिलासपुर होते हुए पहुंचा जा सकता है। तिब्बती नए साल यानी मार्च के आस-पास यहां बहुत टूरिस्ट आते हैं। वैसे, मई से अक्टूबर के बीच ट्रैकिंग सीजन रहता है। धर्मशाला में हैंडीक्राफ्ट मसलन तिब्बती कार्पेट, टेक्स्टाइल, ट्रडिशनल, हैट्स, बैग्स, ट्राउजर्स, मेटलवर्क, जूलरी, जैकेट व हाथ से बने कार्डिगन आदि के शौकीनों के लिए ढेर सारी जगहें हैं।

सलमान खान के अपोजिट बॉलीवुड में वापसी करेंगी तृषा

तृषा दक्षिण सिनेमा की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। लगातार दो दशक से वे अपनी फिल्मों से धमाल मचा रही हैं। इस दौरान उन्होंने दक्षिण भारत के लगभग हर सुपरस्टार के साथ काम किया। तृषा की लिस्ट में कई शानदार फिल्में दर्ज हैं, जिसके लिए उन्हें खूब सराहना मिली। अब 13 साल बाद तृषा हिंदी सिनेमा में वापसी करने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तृषा निर्देशक विष्णु वर्धन की अगली फिल्म में लीड रोल निभाने जा रही हैं। इस फिल्म में वे बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के अपोजिट नजर आएंगी। जल्द ही इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा होने की भी उम्मीद है। साउथ में एक अभिनेत्री के रूप तृषा का प्रदर्शन शानदार रहा है, उनकी हालिया रिलीज फिल्मों ने भी बॉक्स ऑफिस पर बंपर कलेक्शन किया है। तृषा ने 2010 में प्रियदर्शन की फिल्म खट्टा-मीठा से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म उन्होंने अक्षय कुमार के साथ मुख्य भूमिका निभाई थी, लेकिन राजनीतिक व्यंग्य पर आधारित यह फिल्म दर्शकों को कुछ खास-पसंद नहीं आई और तृषा का हिंदी सिनेमा से मोहभंग हो गया। हालांकि, अब एक बार फिर तृषा बॉलीवुड में अपनी मजबूत पकड़ बनाने की उम्मीद से हिंदी सिनेमा में वापसी कर रही हैं।

फिलहाल तृषा की कई साउथ फिल्में लाइन में हैं। वे तमिल में अपनी फिल्म विदामुयार्ची और मलयालम में आइडेंटिटी की शूटिंग कर रही हैं। वे एक साथ इन दोनों फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके बाद वे मणिरत्नम की फिल्म ठग लाइफ की शूटिंग शुरू करेंगी। इस फिल्म में वे दिग्गज अभिनेता कमल हासन के साथ मुख्य भूमिका में होंगी, जो 2024 में रिलीज होगी।

रोजाना एक घंटे क्लासिकल म्यूजिक का रियाज कर रहे आमिर, 'मोगुल' बायोपिक की तैयारियों के लगे कयास

फिल्मों में अपने किरदार की तैयारी के लिए जी-जान लगा देने वाले एक्टर्स में मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान का नाम सबसे ऊपर आता है। अपनी पर्सनल लाइफ में भी आमिर, कई तरह की हॉबीज के जरिए अपनी स्किल बढ़ाते रहे हैं। अब सुनने में आया है कि आमिर ने क्लासिकल म्यूजिक सीखना शुरू किया है और वे रोजाना इसकी प्रैक्टिस भी कर रहे हैं।

एक रिपोर्ट की मानें तो आमिर हर दिन अपनी सिंगिंग को एक घंटा दे रहे हैं। वो क्लासिकल म्यूजिक टीचर से डेली एक घंटे की क्लास लेते हैं और क्लासिकल म्यूजिक का रियाज भी कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक यह कन्फर्म नहीं है कि आमिर ऐसा सिर्फ हॉबी के तौर पर कर रहे हैं या इसका कनेक्शन उनकी अगली फिल्म की तैयारी से है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि वो गुलशन कुमार की बायोपिक 'मोगुल' की तैयारी कर रहे हैं। वर्कफ्रंट पर आमिर की अगली फिल्म 'लाहौर 1947' है जिसमें सनी देओल लीड एक्टर होंगे। वहीं फिल्म को आमिर खान प्रोड्यूस करेंगे और इसमें कैमियो रोल करते भी नजर आ सकते हैं। इस फिल्म को राजकुमार संतोषी डायरेक्ट करेंगे।

लाल सिंह चड्ढा थी आमिर की आखिरी फिल्म

आमिर बीते एक साल से ब्रेक पर है। उनकी आखिरी फिल्म लाल सिंह चड्ढा अगस्त 2022 में रिलीज हुई थी। जो बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। बतौर एक्टर आमिर अलग-अलग मेकर्स के साथ 'सितारे जमीन पर' और 'मोगुल' जैसी फिल्मों को लेकर चर्चा कर रहे हैं।



रणबीर के साथ इंटीमेट सीन पर बात की

रणबीर कपूर स्टारर एनिमल को रिलीज हुए एक महीना पूरा हो गया, लेकिन अभी भी फिल्म सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म ने ताबड़तोड़ कलेक्शन किया और कई रिकॉर्ड अपने नाम किये। एक इंटरव्यू के दौरान इस फिल्म में जोया का किरदार निभाने वाली तृप्ति ने इंटीमेट सीन के बारे में खुलकर बातचीत की। उन्होंने बताया कि ऐसे माहौल में काम करना बहुत जरूरी होता है जहां लोग आपकी रिस्पेक्ट करें।

तृप्ति डिमरी नेशनल क्रश बन गई हैं

एनिमल के बाद तृप्ति डिमरी नेशनल क्रश बन गई हैं। इस फिल्म ने तृप्ति को खूब पॉपुलैरिटी दी। यहां तक कि पैपराजी तृप्ति को भाभी 2 कहकर बुलाने लगे। इतना ही नहीं तृप्ति के सोशल मीडिया पर भी फॉलोअर्स की अच्छी खासी बढ़ोतरी नजर आई। फिल्म रिलीज से पहले उनके इंस्टाग्राम पर 711 हजार फॉलोअर्स थे। जबकि फिल्म रिलीज होने के सात दिन बाद उनके फॉलोअर्स 2.7 मिलियन हो गए। केवल सात दिनों में उनके फॉलोअर्स 1989,000 तक बढ़ गए थे।

रणबीर मेरे पसंदीदा एक्टर हैं

तृप्ति को रणबीर कपूर पहले से ही काफी पसंद थे। जब उनसे पूछा गया कि शूटिंग के दौरान क्या उन्होंने रणबीर को इस बारे में बताया था कि नहीं। इस पर तृप्ति ने कहा- मैं उनके आसपास बहुत घबराई हुई थी। मैंने उनसे सिर्फ इतना कहा कि वो मेरे पसंदीदा एक्टर हैं।

तृप्ति ने हाल ही में रणबीर कपूर और डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के बारे में बात की। उन्होंने कहा-जब आपके साथ एक ऐसा को-एक्टर होता है जिस पर आप भरोसा कर सकते हैं, तो काफी मदद मिलती है। इंटीमेट सीन परफॉर्म करते समय कंफर्टेबल रहना बहुत जरूरी हो जाता है। फिल्म के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा, डीओपी और रणबीर कपूर ने मुझसे कहा था कि अगर सीन के दौरान आप कभी भी अनकंफर्टेबल महसूस करें, तो हमें तुरंत बताइएगा। हम उसी वक्त सुनिश्चित करेंगे कि आप कंफर्टेबल हो जाएं। रणबीर बार-बार मुझसे पूछते थे कि मैं ठीक हूं कि नहीं।

एक बार फिर दूल्हे के रोल में नजर आएंगे वरुण, दुल्हनियां 3 की कहानी फाइनल!

वरुण धवन एक बार फिर से दूल्हा बनने जा रहे हैं। रियल लाइफ में नहीं बल्कि रील लाइफ में। वरुण धवन अपनी सुपरहिट रोमांटिक कॉमेडी फिल्म हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया फेंचाइजी की अगली कड़ी में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को शशांक खेतान डायरेक्ट करेंगे, जिन्होंने दुल्हनियां फेंचाइजी की दोनों फिल्मों को निर्देशित किया था। फिल्म के दोनों भाग में आलिया भट्ट और वरुण धवन लीड रोल में थे। इस जोड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माता करण जौहर, डायरेक्टर शशांक खेतान और वरुण धवन ने दुल्हनिया 3 की कहानी के लिए कई आइडिया पर चर्चा की और अंत में एक को फाइनल किया। यह फिल्म अगले साल 2024 के अंत में फ्लोर पर जाएगी। इस फिल्म में भी वरुण धवन के साथ आलिया भट्ट ही मुख्य भूमिका में होंगी। वरुण और आलिया का हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया से गहरा नाता रहा है। इन दोनों सितारों के करियर को आगे बढ़ाने में दुल्हनिया फेंचाइजी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वहीं, करण जौहर भी आलिया और वरुण के साथ दुल्हनियां 3 को बनाने को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। बता दें कि कुछ महीने पहले भी करण जौहर ने इस फिल्म की अगली कड़ी के संकेत दिए थें। हालांकि, तब फिल्म की कहानी फाइनल नहीं हुई थी। करण ने अपने इंस्टाग्राम लाइव सेशन में एक फैंस के सवाल का जवाब देते हुए कहा था, दुल्हनिया एक बेहतरीन फेंचाइजी है। यह हमारी प्रीमियर फेंचाइजी में से एक है, जो प्यार और भावनाओं से भरपूर है। दो प्यार करने वाले लोगों के साथ भावनाओं और कॉमेडी का मिश्रण दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगा। हमें उम्मीद है कि हम दुल्हनिया फेंचाइजी को एक दिलचस्प कहानी के साथ वापस लेकर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो फिलहाल वरुण पिता डेविड धवन के साथ अपनी अगली फिल्म पर काम कर रहे हैं। इसे रमेश तौरानी प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म डेविड धवन के कॉमेडी यूनिवर्स की तर्ज पर आधारित है, जिसमें दो फीमेल लीड होंगी। फिल्म की कहानी हीरो के लव लाइफ और फैमिली ड्रामा कॉमेडी होगी। एक बार फिर से अपने पिता के साथ काम करने को लेकर वरुण धवन काफी उत्साहित हैं।

आयुष्मान ने की फिल्म खो गए हम कहां की तारीफ

अनन्या पांडे, आदर्श गौरव और सिद्धांत चतुर्वेदी स्टारर रोमांटिक ड्रामा खो गए हम कहां इस साल की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली बॉलीवुड फिल्मों में से एक बन गई है। अब तक कई सेलिब्रिटीज फिल्म की तारीफ कर चुके हैं। अब, अर्जुन कपूर और आयुष्मान खुराना भी इसमें शामिल हो गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म की तारीफ की हैं। फिल्म का प्रीमियर 26 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर हुआ। आयुष्मान खुराना ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- लव इट (इस फिल्म से प्यार हो गया)। अर्जुन कपूर ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म की तारीफ की। उन्होंने लिखा कि खो गए हम कहां फिल्म देखने का एक एक्सपीरियंस बहुत अलग था...फिल्म की स्टोरी,एक्टिंग और डायरेक्शन बहुत अच्छा था.. अभी हम जिस समय में रहते हैं और जिन मुद्दों से हम जूझते हैं, उन्हें बहुत खूबसूरती से दिखाया गया है। उन्होंने आगे अनन्या, आदर्श और सिद्धांत की तारीफ की और कहा- आपने जो ब्रदरहुड फिल्म में शेयर किया है वही फिल्म की जान है। वो दोस्ती जो आपको यह महसूस कराती है कि ये हम में से एक है। कटरीना कैफ ने हाल ही में अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का रिव्यू दिया। उन्होंने लिखा- मुझे ये फिल्म बहुत पसंद आई। ये फिल्म जरूर देखें। बता दें फिल्म में मलाइका अरोड़ा ने बहुत छोटा किरदार निभाया है। उन्होंने डायरेक्टर अर्जुन वरैन सिंह की तारीफ की और उन्हें कूल बताया। मलाइका ने आगे लिखा- मुझे फिल्म बहुत ज्यादा पसंद आई। फिल्म बहुत अच्छी तरह से लिखी गई है, उतनी ही खूबसूरती से दिखाया भी गया है। मुझे लगता है कि केवल एक अच्छा इंसान ही ऐसी फिल्म बना सकता है। इस फिल्म का छोटा हिस्सा बनकर भी मैं बेहद खुश हूं।



डंकी में विक्की को कास्ट नहीं करना चाहते थे राजकुमार

निर्देशक राजकुमार हिरानी अपनी हालिया रिलीज फिल्म डंकी की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्म में शाहरुख खान मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने पहली बार राजकुमार हिरानी के साथ सहयोग किया। इस फिल्म में शाहरुख खान और विक्की कौशल के अभिनय की दर्शक सराहना कर रहे हैं। इस बीच, अब एक इंटरव्यू में राजकुमार हिरानी ने डंकी में विक्की कौशल को कास्ट करने को लेकर बड़ा खुलासा किया है। तो आइए जानते हैं निर्देशक ने ऐसा क्या कह दिया है।

विक्की को कास्ट नहीं करना चाहते थे राजकुमार

राजकुमार ने खुलासा किया कि उन्होंने विक्की कौशल को यह रोल ऑफर नहीं किया था। निर्देशक ने कहा, जब मैं और विक्की के पिता शाम डंकी की कास्टिंग के विषय पर बातें कर रहे थे, तो सुक्खी की भूमिका के लिए आदर्श लड़के के बारे में पूछा गया। इस किरदार के लिए मैंने विक्की कौशल का नाम लिया। हालांकि, मैंने साफ मना कर दिया कि मैं उन्हें ये भूमिका नहीं दूंगा, क्योंकि यह एक छोटा किरदार है। अब वे मुख्य भूमिकाएं कर रहे हैं, इसलिए मैं उन्हें इसकी पेशकश नहीं करूंगा।

विक्की ने फोन कर कही यह बात

उन्होंने आगे कहा, उसी रात विक्की का मुझे फोन आया और कहा कि आप पिताजी को कैसे बता सकते हैं कि मुझे डंकी में भूमिका नहीं दे सकते? इसके बाद वे अगले ही दिन मुझसे मिलने आए और कहा कि मेरे लिए ये भूमिका निभाना सौभाग्य होगा। उनकी बातों से यह पता चला कि वे कितने अच्छे अभिनेता हैं। इतने छोटे किरदार को निभाने के लिए भी वे आसानी से तैयार हो गए। उन्होंने अपने छोटे किरदार से फिल्म में सबसे बड़ा अंतर बनाया।

विक्की कौशल का वर्कफ्रंट

विक्की कौशल के वर्कफ्रंट की बात करें, तो अभिनेता अपनी आगामी फिल्म छावा में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। इसका निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म साल 2024 में रिलीज होगी। इसके अलावा विक्की कौशल फिल्म मेरे मेहबूब मेरे सनम में दिखाई देंगे, जिसमें उनके साथ तृप्ति डिमरी, एमी विर्क और नेहा धूपिया मुख्य भूमिका में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म फरवरी 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

दुल्हनिया 3 में वरुण के साथ नया चेहरा लॉन्च करेंगे करण जौहर

हंप्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया के बाद अब करण जौहर ने फिर एक बार इस फैंचाइजी की तीसरी फिल्म दुल्हनिया 3 के लिए वरुण धवन से हाथ मिला लिया है, हालांकि फिल्म में आलिया भट्ट के होने पर अब भी सवाल है। हाल ही में आई बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले दुल्हनिया 3 की तैयारी शुरू हो चुकी है। इस फैंचाइजी की तीसरी फिल्म में वरुण धवन ही लीड रोल में नजर आएंगे, हालांकि फीमेल लीड में बदलाव किया जा रहा है। करण जौहर दुल्हनिया 3 से एक नए चेहरे को लॉन्च करेंगे। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से लिखा गया है कि फिल्म को पिछली 2 फिल्मों के डायरेक्टर शशांक खैतान ही डायरेक्ट करेंगे। वरुण धवन, करण जौहर और शशांक ने मिलकर कई आइडियाज पर विचार किया है, जिसके बाद अब स्क्रिप्ट फाइनल हो चुकी है। फिल्म की शूटिंग अगले साल यानी 2024 को शुरू होगी। मेकर्स ने फिल्म के लिए फ्रेश चेहरे की तलाश भी शुरू कर दी है, जो वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। इस रिपोर्ट से साफ है कि नए चेहरे के आने से आलिया भट्ट का फिल्म में होना मुश्किल है। फिल्म को साल 2025 में रिलीज किया जा सकता है।

नोएडा के सांसद डॉ. महेश शर्मा के नाम जुड़ी एक और उपलब्धि, देश भर में बजा डंका

CONGRATULATIONS

DR MAHESH SHARMA

FOR RANKING AS #1 VIKSIT BHARAT AMBASSADOR FOR THE MONTH

BHARAT IS NOT GOING TO STOP. BHARAT IS ON THE MOVE. BHARAT MUST SURPASS ITS GOALS. IT WILL NEITHER STOP NOR TIRE. THE DETERMINATION OF 140 CRORE CITIZENS NOW LIES IN BUILDING A 'VIKSIT BHARAT'.

NARENDRA MODI APP

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा (गौतमबुद्धनगर) के सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गयी है। पूरे देश में नोएडा के सांसद का डंका बज रहा है।

नोएडा (गौतमबुद्धनगर) के सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा को क्षेत्रवासियों से मिले अभूतपूर्व समर्थन व सहयोग के बलबूते डॉ. महेश शर्मा का इस समय देश में डंका बज रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं विभिन्न योजनाओं को लेकर नमो ऐप पर 100 दिन विकसित भारत एंबेसडर चैलेंज में नोएडा के सांसद डा. महेश शर्मा ने समूचे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सांसद डा. महेश शर्मा की इस उपलब्धि को सराहा है।

नोएडा (गौतमबुद्धनगर) के सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के समस्त नागरिकों से नमो ऐप पर 100 दिन विकसित भारत एंबेसडर चैलेंज को स्वीकार करने तथा देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने की अपील की है।

आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं से आम जन को जोड़ने तथा उसके बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' प्रारंभ की थी। इस अभियान के तहत भाजपा के सांसदों, विधायकों व अन्य जनप्रतिनिधियों ने गांव-गांव जाकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प के बारे में बताया। साथ ही आम व ग्रामीण जनता को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अभियान में नोएडा (गौतमबुद्धनगर) के सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसके चलते सांसद डॉ. महेश शर्मा को विकसित भारत एंबेसडर चैलेंज में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

वाहनों के पंजीकरण की नई सीरीज शुरू

नोएडा (चेतना मंच)। जनपद गौतमबुद्धनगर में वाहनों के पंजीकरण की नई सीरीज UP-16 EC 3 जनवरी से शुरू हो गयी है। यह जानकारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) एआरटीओ सियाराम वर्मा ने दी।

श्री वर्मा ने बताया कि वाहन स्वामी वाहनों के फैंसी (महत्वपूर्ण अति महत्वपूर्ण) नंबरों की नीलामी के लिए वेबसाइट www.fancy.parivahan.gov.in पर जाकर निर्धारित पंजीयन शुल्क जमा कराकर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन तीन दिनों तक होगा। इसी तरह गैर फैंसी नंबरों के लिए वाहन स्वामी उक्त वेबसाइट पर निर्धारित शुल्क जमा कराकर नंबर बुक करा सकते हैं। कारों के लिए 5000 रूपये तथा दोपहिया वाहनों के लिए 1000 रूपये निधारित शुल्क जमा करना होगा। बता दें कि वाहनों के पंजीकरण की पुरानी सीरीज UP-16 ED पूर्ण हो गयी है।

आंखों में मिर्च झोंककर बदमाशों ने लूटे पौने चार लाख रुपये

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बिसरख क्षेत्र के गोल्डन ड्रीम मैरिज होम के पास बाइक सवार बदमाशों ने एक सप्लायर के साथ लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने सप्लायर की स्कूटी को पैर मार कर गिरा दिया और उसकी आंखों में मिर्च झोंककर उसकी स्कूटी लेकर फरार हो गए। स्कूटी की डिग्गी में कलेक्शन के 374000 रखे हुए थे। पुलिस ने दो माह बाद लूट की इस घटना की रिपोर्ट दर्ज की है।

फॉर्चून रेजिडेंसी राजनगर एक्सटेंशन निवासी अजय कुमार अग्रवाल ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह चिप्स व कुरकुरे की सप्लाई का काम करता है। बीते 31 अक्टूबर को वह सुदामापुरी से दुकानदार अजहरुद्दीन से 10 हजार और लालुद्दीन से 23380 रुपए की पेमेंट लेकर तिगरी गोल चक्कर की तरफ से राजनगर स्थित अपने घर जा रहा था। उसकी स्कूटी जैसे ही गोल्डन ड्रीम मैरिज होम के पास पहुंची तो पीछे से एक बाइक पर आए चार युवकों ने उसकी स्कूटी में पीछे से पैर मार दिया। संतुलन बिगड़ने से वह स्कूटी सहित सड़क पर गिर गया।

बाइक सवार बदमाशों ने उसकी आंखों में मिर्ची झोंक दी। इसके बाद बाइक सवार बदमाश उसकी स्कूटी को लेकर फरार हो गए। अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि उसकी स्कूटी की डिग्गी में पूरे दिन भर की कलेक्शन के 374000 रखे हुए थे।

लोक अदालत 29 जनवरी को

नोएडा (चेतना मंच)। 29 जनवरी से 31जनवरी 2024 तक जनपद गौतमबुद्धनगर में विद्युत वादों की विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में 29.01.2024 से 31.01.2024 तक विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक वादों की विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा बताया गया कि दीवानी न्यायालय सूरजपुर में 29.01.204 से 31.01.204 तक विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक वादों की विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

विशेष लोक अदालत में पक्षकार अपने चैक बाउंस आदि से संबंधित वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर करा सकते है।

अवैध रैंप को प्राधिकरण ने किया ध्वस्त

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के परियोजना विभाग ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के अंसल गोल्फ लिंक में आर-2 रोड की सर्विस रोड पर फ्लैटों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के अवैध रूप से बने रैंप को तोड़ दिया है। अवैध रैंप बनाने वालों को खुद से न तोड़ने पर प्राधिकरण की तरफ से कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि परियोजना विभाग के वर्क सर्किल-4 के सीनियर मैनेजर नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण कर्मियों का दस्ता मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के आर-टू रोड की सर्विस रोड की तरफ अंसल लिंक रोड के बाहरी एरिया में बने फ्लैटों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के पास पहुंचा। प्राधिकरण कर्मियों ने बुल्डोजर का इस्तेमाल कर आवासीय व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर अवैध रूप से बने रैंप को तोड़ दिया। इस दौरान सुरक्षाकर्मी भी साथ रहे।

उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की तरफ से इन लोगों को पूर्व में ही नोटिस जारी कर दी गई थी, जिसमें तीन दिन में अवैध रैंप को खुद से तोड़ने की हिदायत दी गई थी, लेकिन अवैध रैंप को नहीं हटाया, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने प्राधिकरण की तरफ से यह अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है। सर्विस रोड पर अवैध रैंप बन जाने से ड्रेनेज सिस्टम और सीवर की निकासी में दिक्कत आ रही है। इस कार्रवाई के दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मैनेजर सुरेंद्र भाटी, जेई हरेंद्र सहित अन्य प्राधिकरण कर्मी मौजूद आदि मौजूद रहे।

हुड़दंग मचाने पर शराबियों को रोका तो हमला कर पैर तोड़ा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के चोटपुर कॉलोनी में शराब पीकर हुडदंग मचा रहे युवकों को टोकना पड़ोसी युवक को खासा महंगा पड़ा। शराब के नशे में धुत्त युवकों ने पड़ोसी के साथ मारपीट कर उसके पैर की हड्डी तोड़ दी।

चोटपुर कॉलोनी निवासी अमन कुमार ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ यादराम वाली गली में रह रहे हैं। बीते 1 जनवरी को गली में रहने वाले योगेश, विपिन, दुर्गेश तथा प्रवेश शराब पीकर हंगामा कर रहे थे। चारों युवक शराब के नशे में शोर मचा कर गाली गलौज कर रहे थे। उसके भाई मोहित ने जब इन युवकों को शोर शराबा करने से मना किया तो चारों उसके साथ ही गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने मोहित के साथ मारपीट की। मारपीट में मोहित को कई जगह चोट आई और उसके पैर की हड्डी टूट गई। मारपीट की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश की जा रही है।

टाटा की नकली चायपत्ती व नमक बेचता था, पकड़ा गया

नोएडा (चेतना मंच)। अगर आप अपने जायके के लिए दुकान से ब्रांडेड महंगी चाय की पत्ती लेकर आ रहे हैं तो सावधान हो जाइए। हो सकता है आपकी जायके वाली चाय नकली हो। थाना दादरी पुलिस ने ऐसे ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जो साधारण चाय व नमक को मशहूर टाटा कंपनी के रैपर में पैक कर बाजार में बेचता था। पुलिस ने आरोपी के पास से भारी मात्रा में नकली टाटा टी प्रीमियम चाय, नमक के कट्टे तथा टाटा टी चाय व नमक की पैकिंग की पन्नियां बरामद की हैं।

थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे दादरी निवासी तरुण जैन उर्फ तन्नू टाटा कंपनी के रैपर में नकली चाय व नमक को भरकर बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने उसके घर पर छापा। इस दौरान यहां से भारी मात्रा में खुली चाय व नमक बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से टाटा टी प्रीमियम के खुले हुए 12 कट्टे, टाटा नमक के सील बंद 45 कट्टे, टाटा नमक के 10 कट्टे खुले हुए, टाटा टी प्रीमियम की खाली रैपर वाली 1490 पन्नी, टाटा नमक के 250 रैपर वाली पन्नी, पैकेट सील करने वाली मशीन, वेट करने वाली मशीन तथा एक टाटा एस गाड़ी बरामद की। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह साधारण चाय को टाटा टी के रैपर में पैक कर उसकी सप्लाई दुकानों पर करता था। वह पिछले काफी समय से इस धंधे को अंजाम दे रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी व कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

लुटेरा दबोचा, चोरी के 5 मोबाइल व गांजा बरामद

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-49 पुलिस ने एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश के पास से चोरी के 5 मोबाइल फोन व 2 किलो गांजा बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी रामकुमार गौतम ने बताया कि पुलिस टीम मानव रचना टी पॉइंट के पास बैरिकेटिंग लगाकर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस को देखकर एक युवक भाग निकला। संदेह के आधार पर पुलिस ने युवक को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से पांच मोबाइल फोन व गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रोहित पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम मोरना बताया। रोहित ने बताया कि वह राह चलते लोगों के मोबाइल फोन चोरी करने के साथ-साथ छीन लेता है। रोहित ने मोबाइल लूटपाट की कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।

आरोपी ने बताया कि वह चोरी व लूटपाट की घटनाओं के अलावा दिल्ली से गांजा लाकर उसे बेचता है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज न्यायालय में पेश किया गया है।

शीत कवच अभियान के तहत बांटे गर्म कपड़े

NARI PRAGATI SOCIAL FOUNDATION (REG.)

नोएडा (चेतना मंच)। दिल्ली-एनसीआर में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच सामाजिक संस्था नवरत्न द्वारा चलाई जा रही मुहिम की सभी लोग सराहना कर रहे हैं। संस्था द्वारा अपने कवच अभियान के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को कड़कड़ाती ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़े बांटे जा रहे हैं। कवच अभियान के दौरान सेक्टर-51 में होशियार पुर गांव मे चल रहे नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन के विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे 50 से ज्यादा बच्चों को गर्म स्वेटर बांटे गए।

नवरत्न फांउडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि गर्म कपड़े पाकर स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। उन्होंने बताया कि NPSF की अध्यक्ष मीनाक्षी त्यागी एवं उनकी सहयोगी वनिता, अर्चना गुप्ता इत्यादि के संयोजन में यह स्कूल अच्छा चल रहा है। अभी तक 700 से ज्यादा स्वेटर का वितरण के पश्चात् इस सप्ताह में करीब पांच अन्य स्थानों पर शीत कवच अभियान अपनी दस्तक देगा।

विभिन्न ट्रेड का नि:शुल्क प्रशिक्षण देगी आईटीआई

नोएडा (चेतना मंच)। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) भारत सरकार के तत्वाधान में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अन्तर्गत आई0टी0आई0 परिसर के निकट सामुदायिक केन्द्र ग्राम छिजारसी सेक्टर-63 में सोलर एलईडी टेक्नीशियन एवं फील्ड टेक्नीशियन कंप्यूटिंग और पेरिफेरल्स ट्रेडस में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। यह जानकारी आईटीआई नोएडा के प्रधानाचार्य ने दी है।

उन्होंने पात्रता के संबंध में बताया कि सोलर एलईडी टेक्नीशियन, फील्ड टेक्नीशियन कंप्यूटिंग और पेरिफेरल्स के प्रशिक्षण के लिए 12वीं पास होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क होगा एवं सभी छात्र/छात्राओं को यूनिफार्म एवं प्रशिक्षण सामग्री नि:शुल्क दी जायेगी। प्रशिक्षण में ड्रापआउट व कहीं पर भी शिक्षण/ प्रशिक्षण न कर रहे छात्र-छात्राएं ही हिस्सा ले सकते हैं। न्यूनतम 80 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थित आधार से लिंक बायोमेट्रिक द्वारा एवं प्रशिक्षण उपरान्त प्रमाण पत्र NCVET सरकार द्वारा एवं प्लेसमैन्ट की सुविधा तथा एससी/एसटी, छात्राओं/ महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए ईमेल आईडी gbitinoida@gmail.com, वेबसाइट www.gbiti.net एवं मोबाइल नंबर 9540096844, 9540096072 पर संपर्क कर सकते हैं।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने देर रात्रि नोएडा स्टेडियम में रेन बसेरा में जाकर लोगों से बातचीत की। उनके साथ नोएडा प्राधिकरण के उप महाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

जन्मदिन की बधाई

तुम जियो हजारों साल
साल के दिन हों पचास हजार

अंशुमान भाटी पुत्र श्री नवीन भाटी वरिष्ठ भाजपा नेता निवासी- शहदरा, नोएडा के जन्मदिन पर चेतना मंच परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

चेतना मंच परिवार

दुकानदारों ने नाली व नाले पर किया अतिक्रमण, नगर पालिका ने हटाया

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। दादरी में दुकानदारों द्वारा नाली व नाले पर बनाये गये अस्थाई अतिक्रमण को नगर पालिका परिषद के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने तोड़ डाला।

दादरी नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता जयपाल सिंह ने बताया कि दादरी के रेलवे रोड व जीटी रोड पर स्थित दुकानों के मालिकों ने सड़क किनारे बनी नालियों व नाले पर अस्थाई रूप से अतिक्रमण कर रखा है। इस अतिक्रमण से जहां आने-जाने वालों को दिक्कत होती है। वहीं यातायात व्यवस्था भी बाधित होती है। नोन वेडिंग जोन में दुकानदारों द्वारा दुकानों भी लगा ली जाती हैं। नगर पालिका परिषद दादरी की अधिशासी अधिकारी श्रीमती दीपिका शुक्ला के निर्देश पर जीटी रोड व रेलवे रोड पर पालिका के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान बड़ी संख्या में दुकानों को हटाया गया। अवर अभियंता ने चेतावनी दी है कि हटाये गये स्थानों पर यदि फिर से अतिक्रमण कर दुकाने लगाई गईं तो ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। दादरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। अभियान के दौरान दादरी नगर पालिका परिषद के अरूण कुमार, रामप्रवेश पाल, सोहराब, विजेन्द्र सिंह, तुषार शर्माव सोबीर आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

GRV BUILDCON
Concept to reality
ARCHITECTURE/ CONSTRUCTION / INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS!
Certified by :
ISO 9001 CERTIFIED
startupindia
MSME
Contact Us : 9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com